CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 3 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी
पेज 2


राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया
खेल टाइम्स


रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति
सम्पादकीय


फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम
पेज 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

**खार्तूम, वार्ता**

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद

- **सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार**
- **हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण**
- **इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा**

और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

**काबुल, वार्ता**

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश

- **दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप**

मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और




- **सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपैरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पंजाब,** हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- **पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत**
- **दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गईं**

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।

भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

**नई दिल्ली/पटना, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- **प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें**

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गई। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गई। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में

- **विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी**
- **5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग**

दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

# प्रारंभिक अर्हता परीक्षा की तैयारी

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर नामित नोडल अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने 06 और 07 सितंबर को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर नामित नोडल अधिकारी निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को पूर्व में ही संचालन/एक्टिव करना सुनिश्चित करें तथा सभी कैमरों की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग भी संरक्षित रखें।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 को पूर्ण रूप से नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित होने वाली परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था सहित परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी केंद्र पर कोई गड़बड़ी पाई गई, तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्गत निर्देश पुस्तिका का गहनता के साथ अध्ययन कर ली तथा उसके अनुसार ही अपने दायित्वों का निर्वहन करें और परीक्षा को पूर्ण रूप से नकलविहीन एवं सुव्यस्थित तरीके से सम्पन्न कराने में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर अभ्यर्थी के लिए मोबाइल फोन, डेटा कार्ड कैलकुलेटर, ब्लू टूथ डिवाईस, ईयर फोन आदि लाना प्रतिबंधित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी परीक्षाएं शांतिपूर्वक और नकल विहीन ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए पूर्व में ही सभी आवश्यक तैयारियां करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सफल आयोजित कराने के लिए नोडल एजेंसी व अधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण सजगता एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों एवं स्टाफ के लिए प्रवेश द्वार के आसपास ही क्लॉक रूम एवं हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षा शुरू एवं समाप्ति पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। उन्होंने बताया कि 06 और 07 सितंबर को आयोजित होने वाली अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2025 जिले में कुल 40800 परीक्षार्थी 22 परीक्षा केंद्रों पर 2-2 पालियों में परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पाली में 10200 परीक्षार्थी भाग लेंगे तथा पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली तीन बजे से पांच बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा के लिए केंद्र व्यवस्थापक ऐसे कक्षों को चयनित न करें जो बरसात में टपक रहे हों और न ही प्रश्न पत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के लिए जर्जर छत वाले स्ट्रांग रूम का चयन करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेई, आईएएस/बीडीओ कुणाल रस्तौगी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# गणपति पूजन एवं सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गणपति पूजन एवं सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति बाबा की मूर्ति के समझ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के नारों से गुंजायमान हो गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से गणपति बाबा एवं बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

### गणपति बप्पा मोरिया के नारों से गूंजा पंडाल

मौहल्ला साहुवान में पुरानी तहसील के निकट गणपति विरा. जमान कर चल रहे गणपति महोत्सव में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से गणपति बाबा एवं बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। आयोजक नवयुवक मंडल के धीरज अग्रवाल, बलवीर सैनी, सुरेश सैनी, मुकेश सैनी, अनुपम अग्रवाल, विकास पुष्पक, प्रशांत अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, नितिन सैनी, तुषार सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

# धामपुर में अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का तकनीकी निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जिला जज बिजनौर संजय कुमार के निर्देश पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की टीम ने सोमवार को तहसील परिसर स्थित अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का तकनीकी निरीक्षण किया।

गत शनिवार को जिला जज ने धामपुर पहुंचकर अधिवक्ताओं के चैम्बर्स का निरीक्षण किया था और उपजिलाधिकारी को भवन का तकनीकी मुआयना कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बिजनौर के अवर अभियंता (एई) करनवीर सिंह धामपुर पहुंचे और चैम्बर्स की बिल्डिंग का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विनियमित क्षेत्र धामपुर के जूनियर अभियंता अनिल कुमार, बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट तथा पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह सिसोदिया, गजेंद्र सिंह एडवोकेट भी मौजूद रहे। बाद में एई करनवीर सिंह ने तहसील परिसर में बैठकर भवन संबंधी कागजातों की भी जांच की। तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही आगे की कार्यवाही हेतु जिला जज को भेजी जाएगी।

# गणेश चतुर्थी उत्सव श्रद्धा से मनाया

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा सुनारो वाले मन्दिर में श्री गणेश चतुर्थी का उत्सव पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में नरेश वर्मा एवं उमा वर्मा द्वारा श्री गणेश जी की मूर्ति को 5 दिन के लिए मंदिर परिसर में मंत्र उच्चारण एवं पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ स्थापित किया गया था।



महिलाओं ने प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया, जिसमें मनोहरी भजनों का गायन किया तथा छठे दिवस मंदिर में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम का समापन भी धार्मिक भावना के अनुरूप तथा श्रद्धा भाव से किया गया। भारी वर्षा भी भक्तों के मनोबल को डिगा, ना सकी। भक्तों के उत्साह को कम ना कर सकी।

सुमन वर्मा द्वारा छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला आया पवन गणपति का मेला। उमा वर्मा द्वारा शिव के लाल से विनती हमारी लाज रखना गजानन हमारी। पायल वर्मा द्वारा मेरे कीर्तन में रंग बरसाओ आओ आओ गजानन आओ। सीमा द्वारा हमको यह तो बता दो गजानन तुम्हारा जलवा कहां पर नहीं है तथा अन्य भक्तों ने भी मनमोहक भजनों का गायन करके वातावरण को भक्ति मय बना दिया।

इस अवसर पर पूजा वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, रुक्मणी वर्मा, उमा वर्मा, पूनम वर्मा, पायल वर्मा, सुमन वर्मा, रेनू भारद्वाज, डॉ. सुमन कौशिक, सुधा विश्नोई, रेनू तोमर, मीनू आर्य, सीमा सिन्हा, पूनम सिंह, नीलम, प्रेमवती तथा डॉ. शंकर भारद्वाज, नवीन वर्मा, विपिन वर्मा, नरेश वर्मा उपस्थित रहे। अंत में आरती कर कर तथा भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

# एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इंफारमेशन टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

रसायन विभाग विभागाध्यक्षा डा. पायल राठी ने बताया कि रूपाली शर्मा ने 7.42 सीजीपीए के साथ प्रथम, इशिता सिंह ने 7.35 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा युक्ता चौहान ने 7.23 सीजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कालेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कालेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व विभाग के अन्य प्रवक्ता श्वेता टोंक, सौम्या वर्मा, आकाश कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भारी वर्षा के प्रभाव के दृष्टिगत अलर्ट जारी

## बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें, संभव हो तो यात्रा करने से बचें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी वर्षा के प्रभाव के दृष्टिगत अलर्ट जारी किया गया है कि तीन सितंबर तक जनपद में बहुत अधिक वर्षा होने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जिसके लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा निम्नलिखित सुझाव एवं उपयव दिये गये है।

उन्होंने बताया कि मेघगर्जन, वज्रपात, भारी वर्षा के समय बहुत भारी बारिश के सभावित दुष्प्रभाव- निचले इलाको और सुरंगों में बाढ़ आना, खानो एक खदानों में पानी भरना, नदियों झरनों एवं जलाशयों के जलस्तर में आकस्मिक वृद्धि, कच्चे सुरक्षित तथा अस्थायी ढांचों की माध्यम क्षति, नगर पालिका सेवाओं (पानी, बिजली) आदि में स्थानीय और अल्पकालिन व्यवधान, भारी बारिश के दौरान जलमग्न तथा फिसलन भरी सड़क और खराब दृश्यता के कारण सड़क रेल जल परिवहन ने मामूली मध्यम व्यवधान हो सकता है, बहुत पुरानी इमारतों और असुरक्षित संरचानाओं आदि के लिए खतरे की संभावना आदि हो सकते हैं।

साथ ही उन्होंने भारी वर्षा के संभावित दुष्प्रभाव होने वाले दुष्प्रभाव जैसे निचले इलाको और सुरंगों में जलभराव अस्थायी बाढ़, कच्चे असुरक्षित एवं अस्थायी ढांचों को आंशिक क्षति आदि भी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मेघगर्जन, वज्रपात के समय दृश्यता में कमी, विद्युत व्यवस्था में व्यवधान,यातायात प्रवाह से व्यवधान, प्रॉपटी को नुकसान इमारतों कमजोर संरचनाओं, कच्चे घरों, दीवारों और झोपड़ियों को नुकसान हो सकता है। खिड़किया टूट सकती है और छते क्षतिग्रस्त हो सकती है। हल्की वस्तुए उड़ सकती है।

उन्होंने उपरोक्त मेघगर्जन, वज्रपात व वर्षा से बचाव के लिए निम्न उपाय बताए। उन्होंने बताया कि निचले एवं बाढ़ ग्रस्त इलाकों से दूर रहे, आकस्मिक बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों से दूर रहे और पेड़ों का आश्रय लेने से बचे। सुरक्षित पक्के घरों के अंदर सुरक्षित आश्रय ले, खतरे के निशान के आस पास बह रही नदियों के आप्लायन मैदानों से दूर रहे। अस्थायी और असुरक्षित संरचानाओं को ठीक से सुरक्षित किया जाना चाहिए या खाली कर दिया जाना चाहिए। बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था बनाए। यातायात से आपेक्षित दूरी के कारण एवं योजना बनायें, अचानक आने वाली बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों से दूर रहे।

उन्होंने बताया कि घर में रहे। खिड़किया और दरवाजे बंद रखे और यदि संभव हो तो यात्रा से बचे, बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करे, संभव हो तो यात्रा करने से बचें, सुरक्षित आश्रय ले पेड़ों की नीचे आश्रय न लें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटे और कंकरीट की दीवारों से न टिके, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, जल स्त्रोतों से तुरंत बाहर निकले।

उन्होंने बताया कि मेघ वर्जन, ब्रजपत भारी वर्षा से बचाव एवं अन्य संबंधित जानकारी के लिए जनपद स्तर पर स्थित कंट्रोल रूम के फोन नंबर 01342- 262031, 01342- 262295, 01342-262296, 01342-262297 से संपर्क भी स्थापित कर सकते हैं।

# डीएम जसजीत कौर ने किया निरीक्षण

### निर्माण कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार प्रगति पर मिला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्माण अधीन ब्लॉक ए भवन के दूसरे भाग का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था सिडको द्वारा निर्मित किए जाने वाले भवन बी का नक्शा देखा और उसमें निर्माण होने वाले कमरों आदि की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा अब तक का निर्माण कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार प्रगति पर पाया गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री की लैब जांच कराए और समय-समय पर भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय-समय पर खुद भी जांच करते रहें। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन ब्लॉक बी भवन को निर्धारित डिजाइन, क्वालिटी के अनुसार टाइमलाइन के मुताबिक पूर्ण करना सुनिश्चित करें और निर्माण सामग्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनिमियतता न बरतें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, लोक निर्माण विभाग तथा कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10-10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनको तीन साल के लिए रखा जाएगा और महीने में 26 दिन काम लिया जाएगा और 15 हज़ार रुपये दिया जाएगा।

### कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

### मिलेगा रोजगार

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने में 26 दिन सेवा ली जा सकेगी। कर्मचारी तीन वर्षों के लिए अपनी सेवाएं दे सकेंगे कर्मचारियों का वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे उनके खातों में जाएगा।ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान अब सीधे कर्मचारियों के खाते में जाएगा, पहले यह राशि सर्विस प्रोवाइडर के पास चली जाती थी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सेवा तुरंत समाप्त की जा सकेगी। आउटसोर्सिंग के लिए चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का प्रावधान किया गया है।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

**चेन्नई, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।



### सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी ने जहर खाया

## नाजुक हालत में मेरठ रैफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** घरेलू कलह के कारण वर्तमान में पुलिस लाइन बिजनौर में तैनात आरक्षी द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया गया, जिसको उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर मेरठ भेजा गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

आज सुबह 10.39 बजे सीएचसी समीपुर, से प्राप्त एक मीमो से जानकारी हुई कि वर्तमान में पुलिस लाइन बिजनौर में तैनात वर्ष 2021 बैच के आरक्षी 2576 अमित कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी डोमला हसनगढ़, थाना अहमदगढ, जनपद बुलन्दशहर के द्वारा किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीगण स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि आरक्षी अमित द्वारा घरेलू विवाद के चलते अपने किराये के मकान, सरस्वती विहार कॉलोनी, थाना नजीबाबाद पर जहरीले पदार्थ का सेवन करना बताया। चिकित्सक द्वारा आरक्षी अमित को उपचार हेतु हायर सेंटर मेरठ रैफर कर दिया गया है। आरक्षी के समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है तथा परिजनों को सूचित किया गया है।

घटनास्थल निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा सलफॉस के पैकेट तथा एक सुसाइड नोट/रजिस्टर बरामद किया गया है। उसमें भी घरेलू कलह एवं व्यक्तिगत कारणों का उल्लेख किया गया है। घटना के संबंध में गहनता से जांच की जा रही है।

# अभाविप ने किया पुतला दहन

## लखनऊ में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** लखनऊ पुलिस द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज पर का विरोध प्रदर्शन करते हुए अभाविप ने पुतला दहन किया।

श्रीराम स्वरूप मैमोरियल विश्वविद्यालय, देवा रोड लखनऊ में विद्यार्थियों से लगातार की जा रही अवैध वसूली, भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के विरोध में संवैधानिक रूप से शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों व लखनऊ के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं पर बर्बरता, लाठीचार्ज पर अभाविप इसकी घोर निंदा करती है। शैक्षिक भ्रष्टाचार, पुलिस गुंडिय व दमन बर्दाशत के बाहर है। इस संबंध में शक्ति चौक बिजनौर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पुतला दहन किया गया। इस मौके पर



विभाग संगठन मंत्री सतेन्द्र सिंह, प्रान्त महामंत्री सुधांशु चाहल, जिला संयोजक भास्कर शर्मा, प्रवेश राजपूत, आशु, अनमोल, अंकिता अग्रवाल, अभय, दिपांशु, वंश, ऐश, लव, सक्षम, क्रिय, दिशू, गुरदीप, कार्तिक, शैंकी, अमन, चाहत, रिशांक, नितिन, सुमित, दिव्यांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो प्रति. में हिमांशी बनी स्टार फाइटर

## नगीना कस्तूरबा गांधी की छात्राओं ने भी लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना ने किया। संचालन की बागडोर अनुज चतुर्वेदी के हाथों में रही, सहयोग में शारीरिक शिक्षक आलोक कुमार व अजय यादव ने अहम भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता की देखरेख ताइक्वांडो एसोसिएशन बिजनौर के सचिव अंकुर चौधरी व कोच रिंकू वर्मा ने की। निर्णायक मंडल में रितिक चौधरी, रॉबिंस तोमर, रोहित कुमार, अनमोल व हिमांशु भारती शामिल रहे। स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. अंशिका गौड़ व कनिका की देखरेख में उपलब्ध



कराई गईं। प्रतियोगिता के नतीजों में बालिका वर्ग में सबसे आगे हिमांशी रहीं, जिन्होंने जोरदार खेल दिखाकर सबका दिल जीत लिया। उनके साथ जस्सी, जीया, यीशु, सुनैना, जानवी, ईशु, चंचल, कनक, ईलमा और कीर्ति शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग में मनीष, कृष्णा तरुण वर्मा, रुद्र प्रताप, देवपाल, रितिक कुमार, निशांत तोमर, आक. ाश, शुभ, उत्तम, तरुण, शुभ चौहान, आयुष्मान चौहान, वंश प्रजापति, अब्दुल वहाब, नदीम, लवकुश कुमार, आकिब और यश चौहान ने बेहतरीन दमखम दिखाया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी नगीना की छात्राओं ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर परचम लहराया। विद्यालय की वार्डन मीनाक्षी चौधरी के सौजन्य और फुल टाइम टीचर निर्मल शर्मा के मार्गदर्शन से छात्राओं ने जीत का जज्बा दिखाया। कुल मिलाकर नजीबाबाद और नगीना दोनों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी धाक जमाई और हिमांशी इस आयोजन की असली स्टार बनीं ।

# पशु चरा रहे युवक के सामने आया बाघ, दहशत का माहौल

## गाय पर किया हमले का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**रेहड़।** शाम एक किसान के खेत में बाघ आ गया और उसने नदी किनारे स्थित एक खेत में पशु चरा रहे एक व्यक्ति की गाय पर हमले का प्रयास किया। परंतु पशु स्वामी द्वारा मचाए गए शोर के कारण बाघ हमला करने में सफल नहीं हो पाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रेहड़ निवासी सुनील कुमार माली पुत्र स्वर्गीय जगदीश सिंह अपने सात वर्षीय पुत्र वंश के साथ मंगलवार शाम लगभग पांच बजे रेहड़ में पीली नदी के किनारे स्वर्गीय उस्मान खां के खेत में अपना पशु चरा रहा था। इसी दौरान पास में स्थित स्व. ठाकुर महेंद्र सिंह के आम के बाग से निकल कर बाघ आ गया और उसने सुनील कुमार माली की एक गाय पर हमला करने का प्रयास किया। बाघ को देखकर सुनील कुमार माली और उसका पुत्र वंश घबरा गए परन्तु साहस का परिचय देते हुए सुनील कुमार माली ने अपने मोबाइल से बाघ की वीडियो बनाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया, जिससे बाघ वहां से भागकर पुन: स्व. ठाकुर महेंद्र सिंह के आम के बाग में चला गया। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने फोन से वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर को सूचना देने का प्रयास किया। परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। बाघ काफी देर तक आम के बाग में घूमता रहा। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई 25 की शाम इस स्थान से 200 मीटर की दूरी पर लालपुरी की पुलिया के निकट रेहड़ निवासी 16 वर्षीय कासिम अंसारी पुत्र रियाजुद्दीन अपनी बकरियां चरा रहा था। तब भी स्व. ठाकुर महेंद्र सिंह के आम के बाग से निकलकर आए बाघ ने उसकी बकरी पर हमला कर दिया था, लेकिन कासिम अंसारी ने अपना छाता खोलकर बाघ की ओर हमला कर दिया था। जिससे बाघ उसकी बकरी छोड़कर वहां से भाग गया था। ठाकुर अरुण कुमार, श्यामवीर सिंह, अलाउद्दीन, महबूब शाह, नसीम अंसारी, इस्लामुद्दीन आजी, मोइन, राशिद आदि ग्रामीणों का कहना है कि लालपुरी वाली पुलिया के निकट स्थित स्वर्गीय ठाकुर महेंद्र सिंह के बाग को बाघ ने अपना ठिकाना बना लिया है। शाम के समय आम के बाग के आसपास बाघ को घूमते हुए देखा जा सकता है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# हादसे में कार सवार दंपति व बाइक सवार युवक घायल

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर निवासी सोनू पुत्र रमेश अपनी पत्नी मंजू के साथ अकबराबाद आया था। सोनू बाइक से तिराहा पार कर रहा था। तभी कोतवाली देहात की ओर से तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी बाइक तथा फलों के ठेले में जा लगी, जिससे ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल दंपति को ग्रामीणों ने उठाया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दंपति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात में भर्ती कराया। सोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को पकड़ लिया तथा कार को थाने ले आए। दंपति का इलाज चल रहा है।

# भाकियू की बैठक में उठी बिजली संकट की समस्या



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की तहसील स्तरीय मासिक बैठक मंगलवार को बिजली विभाग धामपुर में हुई। किसानों ने बताया कि उन्होंने 29 अगस्त को बिजली समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने मौसम खराब होने का कारण बताते हुए भरोसा दिलाया कि हालात सुधरते ही आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, सिहोरा ब्लॉक से लोकेंद्र, धामपुर ब्लॉक से न्याय पंचायत अध्यक्ष सुरेश राणा, सुभाष चौहान, कपिल कुमार, विजयपाल सिंह प्रधान, प्रवीण सिंह आदि कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# गणेश महोत्सव का धूमधाम से समापन

## प्रतिमा का शेरकोट बैराज पर विसर्जन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मौहल्ला साहूवान में बाल गणेश कमेटी नवयुवा मंडल के संयोजन में चल रहे सात दिवसीय गणेश महोत्सव का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया।

सुबह श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए।



शोभायात्रा के पश्चात भगवान गणेश की प्रतिमा को शेरकोट बैराज में विधि-विधान से विसर्जित किया गया।

इस दौरान माहौल भक्तिमय और उत्साह से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में बलवीर सैनी, नितिन अग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल, सुरेश सैनी, अनूप गोयल, मुकेश सैनी, सचिन अग्रवाल, अमन पुष्पक, संध्या अग्रवाल, मुनीष उपाध्याय, संगीता पुष्पक, मोनाल अग्रवाल, नितिन सैनी, धीरज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 92 साल पुराना नगर पालिका भवन जर्जर हालत में

## बारिश से टपक रही छतें, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने में जुटे कर्मचारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर पालिका धामपुर का लगभग 92 साल पुराना भवन इस समय जर्जर स्थिति में है। दो दिन से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने इसकी हालत और खराब कर दी है। आलम यह है कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने ही कार्यालयों में बैठकर सरकारी कार्य करना मुश्किल हो गया है। छतों से लगातार पानी टपकने से फाइलें, रजिस्टर और महत्वपूर्ण अभिलेख भीगने की कगार पर हैं।

नगर पालिका भवन का निर्माण साल 1933 में हुआ था। उस दौर की यह इमारत आज तक प्रशासनिक कार्यों का केंद्र रही है, लेकिन अब इसकी हालत खंडहर जैसी हो चुकी है। लगभग हर कमरे की छत टपक रही है। कई दीवारें सीलन से भर गई हैं और प्लास्टर झड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कर्मचारी बारिश के दौरान छाते





और तिरपाल के नीचे बैठकर काम करने को मजबूर हैं।

बारिश शुरू होते ही कर्मचारियों ने सबसे पहले महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड को सुरक्षित करने की कवायद शुरू की। तिरपाल डालकर और प्लास्टिक शीट बिछाकर अभिलेखों को बचाने की कोशिश की जा रही है। कई फाइलें सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करनी पड़ीं। लेकिन लगातार बारिश से दिक्कतें बनी हुई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अगर समय रहते नई बिल्डिंग का निर्माण नहीं कराया गया तो अमूल्य रिकॉर्ड को नुकसान हो सकता है।

नगर पालिका के कर्मचारियों ने बताया कि बारिश के दौरान काम करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। कभी भी छत का प्लास्टर या दीवार का हिस्सा गिर सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकला है।

नगरवासियों का कहना है कि पालिका भवन में सिर्फ कर्मचारी ही नहीं, बल्कि रोजाना हजारों लोग अपने काम के लिए आते हैं। ऐसी स्थिति में यह भवन कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई इमारत का निर्माण कराया जाए।

### चार साल पहले हुई मरम्मत बेअसर

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रवि कुमार शुक्ला ने बताया कि भवन करीब 100 साल पुराना है। लगभग चार साल पहले मरम्मत कराई गई थी, लेकिन पुरानी बिल्डिंग होने के कारण यह काम भी ज्यादा कारगर साबित नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि बारिश में पूरा भवन टपकने लगता है, जिससे कामकाज प्रभावित होता है।

### नई बिल्डिंग के लिए प्रस्ताव तैयार होगा

ईओ रवि कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि वे दो दिन पहले ही लखनऊ में प्रमुख सचिव से मिले थे। प्रमुख सचिव ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही नए भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि नगर पालिका को एक आधुनिक और सुरक्षित भवन जल्द मिल सके, ताकि अधिकारियों-कर्मचारियों और नगरवासियों को परेशानी न हो।

## एक नजर

### मकान में खड़ी बाइक में आग लगाई

**चंदक।** किशनपुर थाना मंडावर निवासी सूरज शर्मा का ग्राम में एक मकान है। जिसमें वे फिलहाल नहीं रहते। जो बंद है। वहां एक बाइक व पुराना सामान रखा है। बीती रात एक बजे वहां खड़ी बाइक में आग लग गई। उन्होंने मौके पर जाकर देखा, तो बाहर का गेट खुला था। देवदीप पुत्र सूरज शर्मा ने बताया कि बाइक की टंकी से पाइप निकाल कर पेट्रोल में कपड़े से आग लगाई गई। जिससे बाइक जलकर राख हो गई तथा वहां रखे गेट आदि जल गए। रात में ही पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

### झोलाछाप के इलाज से मासूम की मौत

**कोतवाली देहात।** नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी के मौहल्ला जमालपुर निवासी वाजिद का 6 वर्षीय पुत्र सुफियान नजला जुकाम से पीड़ित था। सुफियान की दादी इलाज के लिए उसे गांव के डॉक्टर नवनीत के पास ले गई। आरोप है कि झोलाछाप चिकित्सक नवनीत ने सुफियान के इंजेक्शन लगा दिया। इसके कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीण चिकित्सक के क्लीनिक पर एकत्र हो गए। मामले की जानकारी नगीना तहसील के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल को दी गई। डॉ. प्रमोद देशवाल ने कार्रवाई करते हुए चिकित्सक डॉ. नवनीत का क्लीनिक सील कर दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए।

### कार और एंबुलेंस टकराई, एक की मौत



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में भारत सिनेमा फ्लाईओवर पर देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो हुआ। कार और एंबुलेंस आमने-सामने से टकरा गई। जिससे एक की मौत हो गई। बीती रात्रि करीब ढाई बजे एक मारुति इको कार और एंबुलेंस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार हल्दौर के पावटी ग्राम निवासी 23 वर्षीय लक्ष्मी को गंभीर चोटें आई थीं। एम्स ऋषिकेश ले जाने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मारुति कार में लक्ष्मी के अलावा 42 वर्षीय जागेश, 34 वर्षीय सोहित, 25 वर्षीय मोहित और कार चालक धर्मकोटा हल्दौर निवासी बरम सिंह शामिल थे। सभी को चोटें आईं हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी समीपुर पहुंचाया गया। एंबुलेंस के चालक गजरौला निवासी अमित सक्सेना भी इस हादसे में घायल हुए हैं।

### शांति समिति की बैठक



**नूरपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सीओ देश दीपक कुमार ने कहा है कि गणेश चतुर्थी , ईद-मिलादुन्नबी का त्यौहार सभी धर्मों के लोग भाईचारे के साथ मनाएं। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। सभी धर्मों के त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा है कि कोई भी नई परम्परा शुरू न करें। नई परम्परा शुरू करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सभी धर्मों के लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर शहर काजी मौलाना मौ. अहमद, तसलीम अहमद इदरिसी, डॉ. जावेद इदरिसी, अनील शर्मा, मुफ्ती अब्दुल कादिर, असलम मलिक, संजीव जोशी, मुकुल गुप्ता, सरदार सतवेंद्र सिंह गुजराल, अरविंद कुमार ग्राम प्रधान, नाजिर, सुशील कुमार, नवनीत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव, सब इंस्पेक्टर जुही रानी आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर पीटा

**नहटौर।** गांव बेगराजपुर निवासी यामीन ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह गांव में फिरोज के घर के सामने से जा रहा था। उसे देखकर फिरोज कुत्ता-कुत्ता चिल्लाने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया तो गाली-गलौच करते हुए उसे मारने के लिए डंडा लेकर उसके पीछे भागा। वह अपने घर की ओर भागा। आरोप है कि उसने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। उसका पुत्र अमान बचाने आया तो उसके सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | MBA
BCA | MCA
BBA | LLB
B.Com | LLM
BA LLB | M.TECH.
B.Sc Microbiology | MSW
B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc.
B.Sc Home Sc. | MA Education
B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गणेश विसर्जन के दौरान दो सगे भाई डूबे

## गोताखोरों की तलाश जारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी स्थित राम गंगा घाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए हादसा के में दो सगे भाईयों के नदी में डूबने से हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धर्मेन्द्र कश्यप व विजेंद्र कश्यप पुत्रगण करन सिंह कश्यप निवासीगण ग्राम नत्था सिंह थाना जसपुर (उत्तराखण्ड) मंगलवार को शाम करीब 4:30 बजे ग्रामिणों के साथ दो अलग-अलग टैक्टर ट्राली द्वारा 25-30 श्रद्धालुओं के साथ गणेश चतुर्थी के अवसर पर मूर्ति विसर्जन करने भूतपुरी स्थित रामगंगा नदी के घाट पर आये थे। विसर्जन करने के दौरान दोनों सगे भाई पानी के तेज बहाव की ओर चले गए, जहां दोनों ही पानी के तेज बहाव में बह गए। देर शाम तक उन्हें गोताखोरों की मदद से खोजने का प्रयास किया गया। प्रशासन द्वारा गोताखोरों, नावों, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया है। समाचार लिखे जाने तक बचाव अभियान जारी था। दो सगे भाइयों के डूब जाने के कारण परिजनों में कोहराम मचा हुआ है उधर ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से हो रही लगातार मूसला धार बारिश व कालागढ़ बांध से छोड़ जा रहे पानी के कारण राम गंगा नदी उफान पर है।

सूचना मिलने पर एसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सहित तहसीदार धनराज पेटल व थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी भारी पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश जारी है। हालांकि अभी दोनों युवकों का कोई पता नहीं चला है। दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# भाजपा नेता अमित वर्मा ने सीओ का किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना परिसर में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य, व्यापारी प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र युवा भाजपा नेता अमित कुमार वर्मा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ अभय कुमार का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

सम्मान के बाद अमित कुमार वर्मा ने व्यापारियों की ओर से अपनी बात रखते हुए कहा कि नगर के व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने सीओ से मांग की कि त्यौहारों के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और नगर में गश्त व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि नगर में अमन-चैन और भाईचारा कायम रहे।

# सेवानिवृत सूबेदार पंकज कौशिक का स्वागत

## युवाओं से सेना में जाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** मौहल्ला गोविंद नगर निवासी पंकज दत्त कौशिक पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण जोशी अगस्त 2025 को थल सेना से सेवा. निवृत हुए। उन्होंने बताया है कि वह अगस्त 1995 में भर्ती हुए थे। उन्होंने अपनी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक और मैकेनिकल कंप्यूटर इंजीनियर के रूप में दी। उन्होंने सेना के कई ऑपरेशन में भाग लिया।

सेवानिवृत होने पर जैसे ही अपने नगर नूरपुर पहुंचे तो परिवार व नगर वासियों ने फूल माला पहनाकर उनका जोर दार स्वागत किया। थल सेना में स्वर्णिम सेवा उनके जीवन का इतिहास है। उन्होंने बताया कि हमारी थल सेना एक बड़ी सेना है जो दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए हमेशा इतिहास रचती है। सेवानिवृत सूबेदार पंकज कौशिक ने बताया कि सेना में की गई स्वर्णिम सेवा को कभी नहीं भुला पाऊंगा। उन्होंने देश के नौजवानों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सेना में जाये, सेना में जाकर देश की सेवा करें। सेना में जाकर देश के खिलाफ गलत कदम उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आज मेरे लिए बड़ा ही गौरव का समय है।

इस मौके पर जगेन्दर दत्त शर्मा, डॉ. श्री चंद, उत्तर प्रदेश पुलिस रिटायर्ड दरोगा घनानंद शर्मा, जुगल किशोर, सुनील, सतीश जोशी, रवेन्द्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, संदीप जोशी, भाजपा नेता अंकित जोशी, व्यापारी सचिन जोशी, सत्यम जोशी, राहुल जोशी, दीपक जोशी, दलसिंह गुर्जर, सरदार अमृत सिंह, सरदार हरभजन सिंह, सरदार गुरमुख सिंह, मनोज बंसल दीवान, राजीव अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अरुल शर्मा, राजीव शर्मा, निपेंद्र दत्त कौशिक, मानवेंद्र, प्रदीप, रचित, कृष, मयंक, देव हिमांशु, पंडित रॉबिन शर्मा पंडित पंकज दत्त कौशिक, कथावाचक संजीव कुमार शर्मा, रजनीश, कुलदीप, अमित, डॉ. लोकेंद्र त्यागी, प्रमोद शर्मा. डॉ. जावेद इदरिसी, तसलीम अहमद इदरिसी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश उत्सव

## हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख देवता माने जाते हैं: भगवान गणेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के छठे दिन की संध्या के मुख्य यजमान मयंक कुमार वर्मा, कुमार ज्वेलर्स और सातवें दिन सुबह के मुख्य यजमान विपुल शर्मा मौहल्ला दरबाराशाह को एवं उनके परिवारजनों को पंडित जितेंद्र डबराल में पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले समस्त हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख देवता के रूप में भगवान गणेश को माना जाता है। इस धर्म में सर्वाधिक पूजे जाने वाले भगवान गणेश समस्त देवी देवताओं में सबसे प्रसिद्ध देवता हैं।

यह गणपत्य संप्रदाय में सर्वोच्च भगवान है। जिनकी व्यापक रूप से पूजा अर्चना होती है। भगवान गणेश के चित्रण समस्त भारत में हर स्थान पर पाए जाते हैं। सभी हिंदू धर्मावलंबी चाहे वह किसी भी संप्रदाय से क्यों न जुड़े हो, वे सभी प्रत्येक शुभ कार्य के आरंभ में भगवान गणेश की पूजा करते हैं। यहां तक की जैन और बौद्ध संप्रदाय के लोग भी उनकी पूजा अर्चना और उपासना करते हैं।

इस अवसर पर पंडित संजय डबराल ने कहा कि भगवान गणेश नई शुरुआत, समृद्धि, बुद्धि और सफलता के देवता हैं तथा जीवन की समस्त बाधाओं को हरने वाले देव हैं। उन्हें गौरी नंदन, गौरी पुत्र, सिद्धी विनायक, शुभ कर्ता, सुखकर्ता वह विघ्नहर्ता जैसे नाम से भी पुकारा जाता है। इसलिए किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सर्वप्रथम भगवान गणेश की वंदना की जानी चाहिए। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लो. केश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विधवा महिला के मकान का लिंटर गिरा



## बाल-बाल बचा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** बारिश के चलते एक विधवा महिला के मकान का लिटर भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही की मकान के अंदर कोई सोया हुआ नही था, वरना एक बड़ा हादसा भी हो सकता था।

थाना क्षेत्र मंडावर के ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदड़पुरा निवासी रीता पत्नी स्व. विजय सिंह एक गरीब परिवार से जीवनयापन करती है। कुछ दिन पहले रीता देवी के पति का स्वर्गवास हो गया था। जिसमें इनके तीन पुत्र हैं। एक पुत्र की शादी भी हो गई थी। जिसमें शादी शुदा पुत्र कही बहार रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। उसके बच्चे गांव में ही रहते हैं। जिसमें आज मंगलवार की सुबह छह बजे के करीब बारिश के चलते इनका लिंटर का मकान भरभरा कर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि मकान के अंदर परिवार का कोई भी व्यक्ति सोया हुआ नहीं था। वरना एक बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता था। लिंटर गिरने से महिला का बहुत नुकसान हुआ है।

वहीं ग्राम प्रधान मास्टर भोपाल सिंह पाल ने बताया कि विधवा महिला का गरीब परिवार है। सुबह मकान का लिंटर गिरने से बहुत नुकसान हुआ है। अच्छा हुआ कि कोई मकान के लिटर के नीचे नहीं दबा। लेखपाल एवं अन्य अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। जिससें महिला की मदद हो सके।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रैफर

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर निवासी अफसाना पत्नी मौहम्मद यामीन देर शाम पशुओं के नीचे सफाई कर कूड़ा डालने सड़क पार जा रही थी। तभी विपरीत दिशा कालागढ़ की ओर आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को परिजनों द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा महिला की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 'नो हेलमेट नो फ्यूल' विशेष अभियान शुरू

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 'No Helmet No Fuel' का एक विशेष अभियान आगामी 30 सितम्बर, 2025 तक संचालित किया गया है। पूर्व में भी इस प्रकार का अभियान जनपद बिजनौर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित हुआ है, जिससे हेलमेट उपयोग में वृद्धि के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान, जनसुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य है तथा धारा 194-डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति (SCCORS) द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने के लिए राज्यों को निर्देशित किया गया है। अत: 'No Helmet No Fuel' विधिसम्मत जन हितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गम्भीर चोटों को घटाने के उददेश्य से पूर्णत: औचित्यपूर्ण है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया अस्पताल सील



## अधिकारियों के यहां नहीं था अस्पताल रजिस्टर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर थाने के करन पुत्र निहाल निवासी छोईया नंगली, थाना हीमपुर ने 19 अगस्त 2025 को तहरीर दी थी कि नूरपुर सर हेल्थ केयर सेंटर पर उसको लड़का पैदा हुआ था। डॉक्टर दंपति के पुत्र को इलाज के बहाने अपने साथ ले गए थे और उसके बाद उसके नवजात पुत्र से नहीं मिलवाया और अपस्पताल से छुट्टी कर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार अस्पताल के कर्मचारी सलमान ने पीड़ित दंपति से कुछ कागजों पर अंगूठे लगवा लिए थे और आरोप है कि उसी के बाद पुत्र को बेच दिया। जहां पुलिस ने हिरासत में लिए सलमान से पूछा तो सलमान ने बताया कि रूकमेश पत्नी करन सिंह ने एसआर हॉस्पिटल नूरपुर में आपरेशन द्वारा एक पुत्र को जन्म दिया।

शिशु के जन्म के तुरंत बाद ही करन का बहनोई माखन पुत्र रामशरण निवासी ग्राम इलाबास थाना नहटौर ने अपने साथियों राकेश पुत्र गुलाब व धर्मेन्द्र पुत्र जगराम के साथ मिल कर अस्पताल संचालक सलमान पुत्र उस्मान चिकित्सक डॉ. रीना चौधरी व नर्स वंदना सभी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नवजात शिशु को 270,000 रुपए में धन्वंतरी हॉस्पिटल चांदपुर में कार्यरत प्रदीप को बेच दिया। इसके बाद शिशु को डॉ. आरती वर्णनिका हॉस्पिटल नजीबाबाद व उसके सहयोगी डॉ. सूरज पुत्र स्व. हरपाल निवासी ग्राम राहतपुर थाना मंडावली के पास पहुंचा दिया। दोनों ने मिलकर शिशु को 550,000 में प्रियता पत्नी रवि अग्रवाल व उसके पति रवि अग्रवाल निवासी जीएनसीटी कॉलोनी कर्मचारी नगर थाना इज्जत नगर जनपद बरेली को दे दिया गया।

आठ जुलाई 2025 को सब रजिस्टार कार्यालय नजीबाबाद में फर्जी कागजात तैयार कराकर एडॉप्शन की सही प्रक्रिया का अनुसरण किया। बिना गलत तरीके से गोदनामा तैयार कर पंजीकरण कराया गया। इसमें शिश के वास्तविक माता-पिता दूसरे को दशार्या गया था। उपरोक्त सभी प्रकरण में पूर्व सांसद भारतेंदु ने मुख्य चिकित्सक जिला बिजनौर का घेराव किया तो स्वास्थ्य विभाग की टीम नूरपुर एसआर हॉस्पिटल पर पहुंची और अस्पताल में बने लगभग 10 कमरों को सील किया।

कमरों में रखा सभी चिकित्सा संबंधित सामान भी सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. आरपी विश्वकर्मा ने बताया कि यह अस्पताल रजिस्टर्ड नहीं था और केवल एक दिन रविवार के लिए रजिस्ट्रेशन था वह भी हमारे यहां नहीं था।

टीम में बिजनौर से आए डॉ. राकेश कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी ऑफिसर, डॉक्टर आरपी विश्वकर्मा नोडल अधिकारी, डॉ. मनचंदा, अंकित सहित कई अधिकारी उपस्थित रही।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी. म्यू. एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **अतीकुर्रहमान पुत्र श्री जमिलुर्रहमान मौहल्ला सब्नीग्रान** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री कमर खां, मुजफ्फर खान पुत्रगण श्री अयानत खां आदि** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 399/2 सब्नीग्रान नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**


## एक नजर

### शोभायात्रा निकाल कर प्रतिमा का विसर्जन

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर में सात दिन पहले स्थापित किए गए गणपति की प्रतिमा का आज गंगा बैराज पर विसर्जन किया गया। मंगलवार सुबह विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित सौरभ भारद्वाज ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। इसके बाद पूरे गांव में गणपति की शोभायात्रा निकाली गई। गणपति की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। इस दौरान श्रद्धालु जमकर झूमते नाचते रहे। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गो से निकलती हुई बैंक पर पहुंची, जहां से श्रद्धालु गणपति की मूर्ति को गंगा बैराज ले गए और मूर्ति विसर्जित कर दी। इस दौरान पवन कश्यप, रिया कश्यप, नवनीत कश्यप, बॉबी कश्यप, सुमित कुमार, रविंद्र सिंह, गौरव कश्यप, अमित कश्यप, सुमित कश्यप आदि मौजूद रहे।

### सदस्यता अभियान चलाने पर जोर



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने अपने ग्रामीण भ्रमण के दौरान पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने और आगामी जिला पंचायत चुनावों की तैयारी करने को लेकर अपनी टीम के साथ डोर टू डोर ग्रामीण से जनसंपर्क करते हुए जनता से आजाद समाज पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से असपा की सदस्यता लेने और बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से कार्य करने का भी आह्वान किया। अपने ग्रामीण भ्रमण के दौरान उन्होंने असपा कार्यकर्ताओं से आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में भी जुट जाने की अपील की। ग्रामीण भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम रावटी सुदनीपुर पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा उनसे बूथ स्तर पर कार्य करने, और अपने बूथों को मजबूत कर ग्रामीणों को पार्टी की नई सदस्यता दिलाने का कार्य करने का आह्वान भी किया। इस दौरान उन्होंने आजाद समाज पार्टी की नीतियों एवं पार्टी मुखिया नगीना लोकसभा क्षेत्र सांसद एड. चंद्रशेखर आजाद के विचारों और उनके संघर्षों के बारे में भी विस्तार से बताया। आजाद समाज पार्टी जिला सचिव इरशाद उर्फ गोला, कृष्ण कुमार, विधानसभा अध्यक्ष भाईचारा प्रकोष्ठ धर्म सिंह पाल, विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, युवा मोर्चा से शीतल कुमार आदि शामिल रहे।

### गौरव चौहान ने कालेज किया टॉप



**बिजनौर।** एसबी कॉलेज ऑफ लॉ, के एल.एल.बी. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र गौरव कुमार चौहान ने 69.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। राघव मित्तल ने द्वितीय व रावत निकिता देवेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.एम. हसन व प्रो. ममित जैन ने छात्रों को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया।

### बोरिंग मशीन में लगी आग



**नजीबाबाद।** डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि प्रात: समय 06:34 बजे अग्निशमन केंद्र पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम वाडियापुर के पास कोटद्वार रोड, थाना नजीबाबाद चीनी मिल के पास रोड पर वोरिंग करने वाली मशीन में आग लगी है। प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद केएस जादौन द्वारा अग्निशमन यूनिट के साथ तत्काल के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि आग वाहन संख्या यूके 08 सीबी 6892 (बोरिंग करने वाली मशीन) के केबिन एवं टायरों में आग धू-धू कर जल रही थी। यूनिट द्वारा अतिशीघ्र मोटर फायर इंजन द्वारा पंपिंग कर, फोम का प्रयोग करते हुए आग को कड़ी मेहनत एवं सूझ-बुझ के साथ पूर्ण रूप से बुझाकर शांत किया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। उक्त अग्निकाण्ड में ट्रक की आंशिक क्षति हुई। शेष ट्रक को सुरक्षित बचा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई। अगर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर देरी से पहुंचती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### फिरोज ने लगवाई लाइटें



**रेहड़।** ग्राम पंचायत रेहड़ के गली मौहल्लों व आवागमन के मार्गों पर जगह-जगह रात में घोर अंधेरा छा जाने की ग्रामीणों की समस्या को महसूस करते हुए युवा नेता फिरोज बेग ने रेहड़ में अपने पैसों से 150 विद्युत पोल पर लाईटें लगवाकर पथ प्रकाश की व्यवस्था कराई। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। उनके द्वारा फिरोज बेग के इस सहयोग की मुक्तकंठ से प्रशंसा की जा रही है। ग्राम पंचायत रेहड़ में काफी समय से अनेक गली मौहल्लों एवं आवागमन के कई मुख्य मार्गों पर पथ प्रकाश व्यवस्था न होने को लेकर ग्रामीण काफी परेशान थे। इस समस्या को लेकर तमाम ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से भी इसकी शिकायत की थी। मगर ग्रामीणों का आरोप है कि महिला ग्राम प्रधान व उनके पुत्र ने इस समस्या पर कोई गौर नहीं किया। ग्राम वालों की इस गंभीर समस्या को कुछ ग्रामीणों ने फिरोज बेग से बताया, तब फिरोज ने ग्राम में घूम कर इस समस्या का जायजा लिया। फिरोज ने बताया कि बरसात का मौसम और घोर अंधेरे में तमाम गली मौहल्लों व आवागमन के रास्तों में रात के समय अंधेरा रहने से ग्रामीणों को भारी कठिनाई उठानी पड़ रही थी। इतना ही नहीं मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा जाते हुए भी लोगों को रातों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या पर गंभीरता दिखाते हुए फिरोज बेग ने अपने खर्चे से ग्राम में लगभग 150 लाइटें लगवा कर पथ प्रकाश की व्यवस्था कराई। जिसे लेकर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और ग्रामीणों ने फिरोज द्वारा उठाए गए जनहित के इस कदम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। फिरोज बेग का कहना है कि वह अपने ग्रामवासियों की तमाम समस्याओं के समाधान में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। फिरोज ने कहा कि वह जिस लायक हैं कि ग्राम वालों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहेंगे।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौहम्मद समीर मेरे कहने सुनने में नहीं है। वह मेरी बिना मर्जी के कही विवाह करना चाहता है। इसलिए मैंने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिए है। मैं व मेरा परिवार उसके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अकरम पुत्र नन्हे निवासी मौहल्ला शेखान उत्तरी, कस्बा व थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# पूर्व विधायक इंद्रदेव ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने जिलाधिकारी को तीन महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनों में ग्रामीणों और किसानों की गंभीर परेशानियों को तत्काल दूर करने की मांग की गई।

पहले ज्ञापन में उन्होंने चक मार्ग संख्या-012 को अवैध रूप से बंद किए जाने का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने लेखपाल की मिलीभगत से इस मार्ग को बंद कर दिया है। यही नहीं लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान शकीला पत्नी रईस द्वारा बनवाए गए सरकारी खड़ंजे को भी बिना किसी प्रशासनिक अथवा न्यायिक आदेश के उखाड़ दिया गया।

पूर्व विधायक ने बताया कि यह चक मार्ग लगभग 50 वर्षों पूर्व चकबंदी प्रक्रिया के दौरान निर्धारित किया गया था और यही 45 से 50 परिवारों तथा किसानों के लिए मुख्य मार्ग है। इसके बंद हो जाने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि इस मार्ग को शीघ्र खुलवाया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।



दूसरे ज्ञापन में डॉ. इंद्रदेव सिंह ने बाढ़ ग्रसित किसानों की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम लालपुर सीजीमल में गंगा के कटान से लगभग 500 बीघा कृषि भूमि प्रभावित हुई है। इससे किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों की जांच कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही जनपद के अन्य इलाकों में जहां-जहां बाढ़ और कटान की समस्या आई है, वहां भी जांच कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। तीसरे ज्ञापन में उन्होंने बढ़ापुर क्षेत्र के गांव छायली में नदी पर पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि पुल न होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीण लंबे समय से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं।

ज्ञापन देने के दौरान पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह के साथ जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ लव कुमार, महिपाल सिंह फौजी, जयप्रकाश सिंह सैनी, लाल सिंह कश्यप, घनश्याम सिंह कश्यप, ठाकुर विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, महावीर सिंह, राजेंद्र सिंह चौधरी, नसीम अहमद, रामपाल सिंह, इरशाद अहमद, पवन सिंह राणा, अरविंद कुमार मलिक, अभिनव चौधरी, लोकेन्द्र चौधरी, नकुल सागर, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# तमंचे से युवक पर फायर का आरोपी दबोचा

**कोतवाली देहात।** ग्राम गनोरा में नवमी का मेला देखने गए ग्राम इस्लामपुर बेगा उर्फ बेगावाला निवासी नितिन पर ग्राम गनोरा निवासी सूरज उर्फ सूर्यकांत ने तमंचे से फायर कर दिया था। जिसके बाद गंभीर हालत में नितिन को मेरठ रेफर किया गया था। मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी सूरज उर्फ सूर्यकांत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने के बाद जिस मोटरसाइकिल से आरोपी भागा था उसे भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सूरज उर्फ सूर्यकांत ने बताया कि सन 2022 में नितिन के साथ उसकी कहासुनी और मारपीट हो गई थी, जिसको लेकर नितिन सूरज पर ताने मारता रहता था। जिससे सूरज के मन में नितिन के प्रति द्वेष भावना थी।

# अवकाश के आदेश के बाद भी खुल रहे कई निजी स्कूल

## शासनादेश का पालन करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जाने-माने शिक्षाविद, चिंतक, लेखक व समा. जसेवी साहिल सलाउद्दीन ने मौजूदा मौसम के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का मौसम, उफनती नदियां, फिसलन भरे रास्ते विशेष कर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चारों ओर खतरे का माहौल है। ऐसे समय में प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी कर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। उसके बावजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कई निजी स्कूल अपनी जिद और मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

शिक्षकों को आदेश के विपरीत स्कूल बुलाया जा रहा है। सोचिए, जिन शिक्षकों को रोज जंगल और हाईवे पार करके स्कूल पहुंचना पड़ता है। अगर इस बरसाती मौसम में दुर्घटना का शिकार हो जाए तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या विद्यालय प्रबंधन आगे आकर उस परिवार का सहारा बनेगा? शिक्षक वह है जो अगली पीढ़ी का भविष्य गढ़ता है। यदि वही असुरक्षित रहेगा तो शिक्षा व्यवस्था कैसी सुरक्षित होगी? यह केवल आदेश की अवहेलना नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का उल्लंघन व अपमान भी है। उन्होंने मीडिया द्वारा समाज में फैली बुराइयों और इस प्रकार के संवेदनशील मुद्दों पर मिलजुल कर आवाज उठाने एवं शासनादेश का पालन व सम्मान करने, शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

# कालागढ़ डैम की वीडियो वायरल



## शिवसेना में गुस्सा कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ डैम की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। इस संवेदनशील मामले को लेकर शिवसेना के पदाधिकारी आक्रोशित हो गए हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिवसेना के जिला अध्यक्ष संजय राणा ने कहा कि डैम जैसे संवेदनशील स्थल की वीडियो वायरल करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस हरकत के पीछे शामिल व्यक्ति का तुरंत पता लगाया जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को हल्के में लेना देशहित के खिलाफ है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। इस मौके पर जिला महासचिव डॉ. सी.पी. सिंह, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सरोही, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, नगर भवानी सेना से नगर अध्यक्ष राधा देवी, लक्ष्मी देवी, मंदीप कौर सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि वायरल वीडियो बनाने और फैलाने वालों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि डैम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की हरकतें भविष्य में बड़े खतरे को जन्म दे सकती हैं। शिवसेना नेताओं ने चेता. वनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। लोग सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर चिंता जता रहे हैं और प्रशासन से उम्मीद कर रहे हैं कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए।

# सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश उत्सव का छठा दिन

## भगवान शिव के वरदान से प्रथम पूज्य देवता हैं भगवान गणपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के पांचवें दिन की संध्या के मुख्य यजमान मीना अग्रवाल, उदित सिंघल, विदित सिंघल एड., वीके अग्रवाल, डॉ. पर्व अग्रवाल और छठे दिन की सुबह के मुख्य जजमान समस्त गणेश चौथ महोत्सव समिति को एवं उनके परिवार जनों को पंडित जितेंद्र डबराल ने पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान शिव के वरदान से ही भगवान गणपति समस्त देवी देवताओं में प्रथम पूज्य देवता हैं। किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने से पूर्व भगवान गणपति की आराधना सर्वप्रथम होती है। इसके अतिरिक्त भगवान गणेश जल तत्व के भी देवता हैं और सभी देवी देवताओं का वास भी जल तत्व में माना जाता है।

जल तत्व के अधिपति देवता होने के कारण भी भगवान गणेश प्रथम पूज्य हैं। क्योंकि सृष्टि में सबसे पहले चारों ओर जल ही जल था। भगवान गणपति बुद्धि और कौशल के भी देवता हैं। उनकी आराधना का अर्थ विद्या बुद्धि और विवेक की प्राप्ति है।

इसी अवसर पर पंडित संजय डबराल ने कहा कि गणेश ने कई जन्म लिए और सतयुग में महोत्कट विनायक नाम से जन्म लिया। भगवान शिव ने जब गणेश को गजानन स्वरूप दिया था। इस समय उन्होंने गणेश को यह वरदान दिया था कि पूरे संसार में जब कभी भी कोई शुभ कार्य या पूजन कार्य होगा, तो जब तक सर्वप्रथम भगवान गणेश की आराधना नहीं होगी। तब तक वह पूजन विधि संपूर्ण नहीं हो सकेगी। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लो. केश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एस के जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉक्टर राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एक नजर

## डीएम ने ली बाढ़ राहत कार्यों की जानकारी

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला प्रशासन द्वारा जिले में बाढ़ प्रभावितों को उपलब्ध कराए जाने वाले राहत कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जान हानि के अंतर्गत मृतकों के 47 आश्रितों को 02 करोड़ 36 लाख, पशु हानि के प्रभावितों को 02 लाख 55 हजार 500 तथा 318 क्षति ग्रस्त मकान के स्वामियों को 15 लाख 69 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाली बीमित तथा अबीमित फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। उसके बाद प्रभावित कृषकों को राहत राशि का वितरण कराया जाएगा।

## वार्षिक डीलर मीट का आयोजन




**चांदपुर।** अपना पशु आहार एक वार्षिक डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को पशुओं की उत्तम नस्लों के चयन, सही आवास प्रबंधन, प्रजनन नीतियों और गुणवत्तापूर्ण पशु आहार के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतीक केडिया जीएम मार्केटिंग ने प्रेसवार्ता में बताया कि अपना पशु आहार ब्रांड की अब तक हर माह 12000 मेट्रिक टन का प्रोडक्शन बहुत ही कम समय में हो गया है, जो किसानों के भरोसे और उनकी संतुष्टि का प्रतीक है। इस अवसर पर वर्षों से जुड़े हुए हमारे समर्पित डीलरों, वित. रकों एवं किसानों को उनकी निष्ठा के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पशु आहार व्यापारियों में मंच पर व्यापारी नेता अनुज कुमार गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, अपार गुप्ता, वीरेन्द्र राजपूत आदि पशुपालक मौजूद रहे।

## थाने में शांति समिति की बैठक



**हीमपुर दीपा।** त्यौहारों के मद्देनजर थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने शिरकत की और थाना प्रभारी के दिशा निर्देशों का अनुसरण करने का वादा किया। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने त्यौहारों को मिलजुलकर मनाने और भाईचारा कायम रखने की बात कही।

## बारिश में ढहा गरीब का आशियाना



**स्योहारा।** ग्राम मुकरपुरी में बीती रात हुई भारी बारिश के कारण एक गरीब परिवार का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान स्वामी सतपाल सिंह प्रजापति पुत्र चेतराम सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित इसी जर्जर मकान में रह रहा था। लगातार हो रही बारिश से मकान की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं और सोमवार देर रात अचानक भरभराकर गिर पड़ीं। घटना के बाद परिवार के पास सिर छुपाने की जगह तक नहीं बची। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सलीम अहमद व लोकपाल इरशाद अहमद मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद और आर्थिक सहयोग दिलाए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को तात्कालिक मदद पहुंचाई और शासन प्रशासन से ऐसे परिवारों की ओर ध्यान देने की अपील की है ताकि बरसात के मौसम में कोई बड़ा हादसा न हो सके।

## महिला को बदनाम करने का प्रयास

**नहटौर।** मौहल्ला सराय रजब अली निवासी एक महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी खाता बनाते हुए उसका फोटो व मोबाईल डालकर अभद्र भाषा लिखते हुए बदनाम कर रहा है। उसका काफी पता लगाने की कोशिश की लेकिन कोई अता पता नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पिकअप चालक को मालिक ने पीटा

**नहटौर।** ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी शादाब अहमद ने आरोप लगाया है कि वह पिकअप वाहन का चालक है। जब उसने मालिक से पिकअप चलाने की एवज में पैसे की मांग की तो उसके गांव का ही एक युवक पैसे दिलाने के लिए पिकअप मालिक के पास ले गया। वहां उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। जबरन उसे गाड़ी की डिग्गी में डालकर जंगल की ओर ले गए। बामुश्किल वह जान बचाकर वहां से भागा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम से मिला भाकियू प्रतिनिधिमंडल

## गुलालवाली को वन विभाग द्वारा खुर्द-बुर्द करने से रोकने की मांग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला और एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम गुलालवाली उर्फ सीतावली जिसे लगभग 100 वर्ष पूर्व बसाया गया था। सभी ग्रामवासी अपने पट्टों पर काबिज हैं तथा ग्राम में सरकारी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध है। जिस, पानी की टंकी, पंचायत भवन, इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आवास योजना, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल, सरकारी नाली, सड़कें व पक्के सभी मकान तथा अंबेडकर पार्क हेतु भूमि आवंटित तथा बारात घर की भूमि आवंटित है। ग्राम तक पक्की सड़कें, ग्राम में सीसी रोड, सामूहिक शौचालय आदि सरकारी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उक्त गांव अंबेडकर योजना के अंतर्गत तथा वर्तमान में आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चल रहा है। यह सभी सरकारी सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भी वन विभाग द्वारा ग्राम को खाली करने हेतु धारा 20 के नोटिस ग्रामीणों को दिए गए हैं जो कि कानून विरुद्ध है। ग्राम में 90% जनता दलित समाज से संबंधित है। ग्राम की कुल आबादी लगभग 2500 के आस-पास है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से ग्राम गुलालवाली उर्फ सीतावली को वन विभाग द्वारा खुर्द-बुर्द करने से रोकने के आदेश पारित करने की कृपा करें। डीएम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, वीरेंद्र सिंह वाट, वीरेंद्र संदीप सिंह, विनीत चौधरी, कीरत बालिया, आशु चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, जितेंद्र सिंह, अमर सिंह, मुनेश कुमार, रामगोपाल, राजवीर सिंह, नागेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार, सौरव काकरान आदि किसान मौजूद रहे।

# नारियल सिर्फ फल नहीं, प्रकृति का अमृत: डीएस चौहान



**धामपुर।** न्यू स्टाइल कोचिंग क्षत्रिय नगर में विश्व नारियल दिवस के मौके पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षाविद डीएस चौहान ने कहा कि नारियल किसानों की आजीविका का सहारा और स्वास्थ्य का अनमोल खजाना है। यह सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि प्रकृति का अमृत है। उन्होंने कहा कि विदेशी कोल्ड ड्रिंक से दूरी बनाकर हमें नारियल पानी को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे न केवल हमारी सेहत सुधरेगी बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। श्री चौहान ने कहा कि जब अमेरिका हमारे उत्पादों पर भारी शुल्क लगाता है, तो हमें भी अमे. रिकी उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ें। अंत में संगोष्ठी में उपस्थित लोगों ने नारियल को बढ़ावा देने और विदेशी पेयों से दूरी बनाने का संकल्प लिया।

# पत्रकार संजीव शर्मा की माता का निधन

**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने शोक सभा का आयोजन कर क्लब के साथी संजीव शर्मा वरिष्ठ पत्रकार की माताजी श्रीमती रघुवती शर्मा (94 वर्ष) के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। संजीव शर्मा की माता का 2 सितंबर 2025 को प्रातः 4:45 बजे सेंट मेरी रोड स्थित उनके निवास पर देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, सिविल बार एसो. के पूर्व जिलाध्यक्ष एड. संजीव अग्रवाल, इंजी. चरण सिंह, इंजी. प्रकाश वीर रस्तोगी, संजीव विश्नोई, गणेश ठाकुर, दिनेश चौहान, सोरन सिंह परिहार, बीके वर्मा, राकेश रस्तोगी, कमलवीर सिंह, संजय कुमार, अशोक कुमार यादव, अशोक कुमार अग्रवाल, राम मूर्ति गौतम, डा. प्रमोद कुमार, आशाराम सिंह आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# तहसील स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता

## पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय क्षेत्रीय नजीबाबाद तहसील स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री राजा भारतेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अंडर 14 आयु वर्ग में 27 से 29 किलो. ग्राम वर्ग में राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज के मनीष ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 29 से 32 किलोग्राम वर्ग में एमडीएस इंटर कॉलेज के तरुण वर्मा, 35 से 38 किलोग्राम वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद के कृष्ण कुमार, 38 से 41 किलोग्राम वर्ग में राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज के सुहेल अंसारी तथा 41 से अधिक भार वर्ग में एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद के रुद्र प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग 14 आयु




वर्ग 38 किलोग्राम भार वर्ग में मगू. शरण सरस्वती विद्या मंदिर नजीबा. बाद से वैष्णवी ठाकुर, अंडर 17 में 42 किलोग्राम भार वर्ग में मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज नजीबाबाद की पायल वर्मा ने गोल्ड मेडल जीता। बालक वर्ग अंडर 17 में 35 किलो. ग्राम भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद के तरुण कुमार, 35 से 38 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद के शुभ, 38 से 41 किलोग्राम भार वर्ग में आचार्य आर एन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद के आयुष्मान चौहान, 41 से 45 किलोग्राम भार वर्ग में राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर के लोकेश, 45 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर के स्पर्श राजपूत, 48 से 51 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद के निशांत तोमर, 51 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में एमडीएस के आकाश सिंह, 55 से 59 किला. ग्राम भार वर्ग में एमडीएस के उत्तम सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालक वर्ग अंडर 19 में मुस्लिम इंटर कॉलेज कीरतपुर के मौहम्मद नदीम ने गोल्ड मेडल जीता। मेजबान विद्यालय राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर की ओर से सभी विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता नजीबाबाद तहसील के ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री राजा भारतेंद्र सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष कुंवर प्रद्युम्न जीत सिंह, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद की प्रधानाचार्या अना. मिका यादव, अजय यादव, आलोक कुमार, रितेश ठाकुर, योगाचार्य अरुण राजपूत, अरुण दीक्षित, नेशनल रैफरी अनमोल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# अभाविप ने फूंका लखनऊ पुलिस का पुतला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विधि छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रोष जताया और लखनऊ पुलिस का पुतला दहन कर विरोध-प्रर्दशन किया। जबकि आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न होने पर आन्दोलन को बाध्य होने की चेतावनी दी।

मंगलवार को अभाविप के प्रांत सहमंत्री लक्षित सिंहल के नेतृत्व में कार्यकर्ता लखनऊ में राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी द्वारा एलएलबी की मान्यता 2021 में समाप्त होने के बावजूद भी विद्यार्थियों के एडमिशन लेने के चलते उनकी परीक्षा नहीं कराये जाने के विरोध में नगर क शंकर कॉलेज चौराहे पर पहुंचे। अभाविप कार्यकर्ताओं ने विधि छात्रों का जीवन खराब करने वाले विधि कॉलेज के खिलाफ लखनऊ में

**○ छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध, आन्दोलन की चेतावनी**

विवि के गेट पर प्रर्दशन कर रहे परिषद क कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज पर रोष जताया। प्रांत सहमंत्री लक्षित सिंहल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के साथ यह अपराध किया गया। जिससे विद्यार्थियों का जीवन खराब हुआ, इसी को लेकर विद्यार्थी परिषद अवधा प्रांत के कार्यकर्ता रामस्वरूप विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन शांतिपूर्वक प्रदर्शन चल रहा था, लेकिन लखनऊ पुलिस ने परिषद के कार्यकर्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया। जिसमें 25 से ज्यादा कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। परिषद के कार्यकर्ताओं ने शंकर कॉलेज चौराहे पर लखनऊ पुलिस प्रशासन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। लक्षित सिंघल ने कहा विद्यार्थी परिषद छात्र छात्राओं के लिए हमेशा कार्य करती आई है और हमेशा कार्य करती रहेगी। उन्होने कहा कि अगर इस कृत्य में लिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो परिषद उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। प्रदर्शन करने वालों में में दिवाकर बावरा विभाग संगठन मंत्री सम्भल, पीयूष बिडोलिया जिला संयोजक सम्भल, हितेश प्रजापति कार्यकारिणी सदस्य, हरमन ठाकुर, मनसाफ प्रजापति तहसील संयोजक, शेखर प्रजापति जिला संयोजक सो. मी., आदित्य प्रजापति कार्यालय मंत्री, प्रिंस आर्य नगर मीडिया संयोजक, अक्षय नगर सहमंत्री, किशन प्रजापति, नगर संयोजक किशन सैनी, हिमांशु कुमार, कुनाल प्रजापति, अपूर्व प्रजापति, अभय भारद्वाज आदि शामिल रहे।



सम्भल- लखनऊ में लाठीचार्ज के विरोध में पुलिस का पुतला दहन करते अभाविप कार्यकर्ता।

# गांधी जयंती पर छात्रवृत्ति से लाभान्वित होंगे छात्र-छात्राएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सरकार ऐंसे सभी छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करेगी जिन्होने नवीनीकरण एवं छात्रवृत्ति आवेदन कर उसे दाखिल कर दिये है और शिक्षण संस्थान के स्तर से उन्हे अग्रसारित कर दिया गया है।

सरकार द्वारा छात्र/छात्रओं के हित के लिए वर्ष 2025 में 02 अक्टूबर गॉधी जयंती पर सभी ऐसे छात्र/छात्रओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित करेगी जिनकें नवीनीकरण एवं पेश छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को फाइनल सब्मिट करते हुए शिक्षण संस्थान के स्तर से अग्रसारित कर दिया जायेगा। शासन द्वारा छात्र/छात्रओं के बेहतर भविष्य के लिए मुख्य सचिव के स्तर से प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से 28 अगस्त 2025 को बैठक आहूत की गयी थी जिसमें सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को अनिवार्य रूप से इस दिशा में कार्य करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये थे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं से यह अपेक्षा की गयी है कि ऐसे छात्र/छात्राऐं जिन्हें सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति प्रदान की गयी थी वह अनिवार्य रूप से तीन दिवस के भीतर अपने नवीनीकरण के आवेदन को फाइनल सब्मिट करते हुए अपने शिक्षण संस्थान में नियुक्त छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के माध्यम से अपने छात्रवृत्ति आवेदन को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद स्तर से समयान्तर्गत कार्यवाही करते हुए उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा सके।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि यह योजना मेरिट बेस्ड आधारित है और जिन छात्र/छात्राओं द्वारा 07 सितम्बर से पहले अपने छात्रवृत्ति आवेदन फार्म को स्वयं के स्तर से फाइनल सब्मिट करते हुए शिक्षण संस्थान के स्तर से अग्रसारित करा दिया जायेगा उन्हें शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति से 02 अक्टूबर गॉधी जयंती पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लाभान्वित किया जायेगा।

**○ सात सितम्बर तक कर सकते हैं आवेदन**

# भारी बरसात में भर भराकर गिरा मकान

शाह टाइम्स ब्यूरो


**सम्भल।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों पर यातायात विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से शिकंजा कसा। सुबह से लेकर सांय तक संयुक्त अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों के चालान किए जबकि जुर्माने से भी अधिरोपित किए गए।

शासन/उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग ने गुन्नौर/बबराला क्षेत्रों मे सुबह से शाम तक निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग/ओवरलोडिंग माल परिवहन करने के विरूद्व संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अमिताभ चतुर्वेदी एवं योगेन्द्र कुमार यादव-यात्री/मालकर अधिकारी, प्रवर्तन सिपाहियों के साथ चलाये गए संयुक्त चेकिंग

**○बाल-बाल बचा परिवार**

अभियान में 13 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। इनमें 04 वाहनों को ओवरलोड़ माल परिवहन करने, 01 बस परमिट शर्तो के उल्लंघन एवं 01 टैक्सी कार को बिना टैक्स के परिवहन करने के अभियोग में थाना- गुन्नौर में निरूद्व करने की कार्यवाही की गयी। परमिट शर्तो के उल्लंघन में एक बस व ट्रैक्टर सहित 07 अन्य वाहनों को विभिन्न धाराओं में चालान किये गये, चालान किये गये वाहनों पर कुल 2.73 लाख रू. प्रशमन शुल्क आरोपित करते हुए 1.23 लाख रू. कार्यालय द्वारा जमा कराये गए। इसके अलावा वाहन स्वामी एवं चालकों/ परिचालको से यह अपील की गयी कि दो पहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा ऐसे वाहन स्वामी जो किसी निजी वाहन का प्रयोग व्यावसायिक ढंग से कर रहे हैं वह उन वाहनों का कन्वर्जन व्यावसायिक वाहन में कराकर ही संचालन करें।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-गणेश जी की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### नियमों का पालन कर बप्पा का करें विर्सजन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गणेश जी की पूजा अर्चना बबराला नगर में कई स्थानों पर गणेश जी की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है।
नगर के राजघाट रोड पर डा. कैलाश वार्ष्णेय ने गणेश जी का पूजन किया। वैसे मुख्य रूप से गणेश चतुर्थी के दसवें दिन गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाता हैं। इसे पारंपरिक तरीका माना जाता है। अनंत चतुर्दशी से पहले भी बप्पा को विदाई दी जा सकती है। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन पूजा-अर्चना के साथ गणेश जी की स्थापना की जाती है। अगर आप चाहें तो गणेश जी की पूजा के बाद उसी दिन उन्हें विदा कर सकते हैं। इसके अलावा डेढ़ दिन में, तीसरे दिन, पांचवें दिन और सातवें दिन भी बप्पा का विसर्जन कर सकते हैं। लेकिन इसे सही विधि-विधान और शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए। सही नियमों का पालन कर बप्पा को विदा करने से बप्पा अगले साल आने से पहले आपकी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस दौरान डा. कैलाश वार्ष्णेय,डा. पूर्वा वार्ष्णेय, उमेशचंद्र वार्ष्णेय, योगेन्द्र सिंह, लकी, कार्तिक गोयल आदि मौजूद रहे।



सम्भल- जिला प्रोबेशन कार्यालय का निरीक्षण कर जानकारी लेते डीएम।

### जिला प्रोबेशन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** मगलवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कलक्ट्रेट परिसर स्थित जिला प्रोबेशन विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम और सीडिओ ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधावी पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



असमोली- अदालत की रोक के बाद भी खेत की जुताई करते।

### अदालत की रोक के बाद भी भूमि जोती

**असमोली (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** अदालत से रोक बाद भी खेत को जोत दिया गया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों पर कार्रवाइ की गुहार लगायी।

असमोली थाने के ग्राम रचैटा निवासी नीना पाल पत्नी दिनेश कुमार ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आसिफ अब्दुल माबूद व मुजीबुर्रहमान व जैद निवासी दीपा सराय थाना नखासा की खेती की भूमि ग्राम औवरी थाना असमोली में स्थित है। जिसका गाटा सं0 882 , 0.140 हे0, 883 , 0.071 हे0 881, 431 हे. क्षेत्रफल मे से 0.6520 हे. बीघा जिसमे से 9 बीघा जमीन 11 लाख रुपये बीघा मै सोदा हुआ था। आरोपियों ने अपने खातो में 39 लाख रुपए ले लिए। लेकिन बैनामा नहीं किया। जबकि पीड़िता अपने नाम बैनामा कराने को तब से ही लगातार कहती चली आ रही है। इतना ही नही इस भूमि को दूसरे के हाथों बेचा जाने लगा। पीड़िता ने अदालत में वाद दायर किया। जिस पर न्यायालय ने यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश दिए। लेकिन इसके बावजूद आरोपियों ने खेत की भूमि को जोत डाला। आरोप है कि आरोपी उसके नाबालिग बेटे को अग्वा करने की धमकी दे रहे हैं। पीडिता ने पति और बेटे की जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगायी है।

### दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**असमोली।** एसपी के के विशनोई व एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्वत के निर्देशन में चल रहे अभियान में असमोली पुलिस ने गंगाराम पुत्र भूकननि. ग्राम असमोली व विजयपाल पुत्र करन सिंह निवासी ग्रामू शाहपुर सिरपुड़ा को गिरफ्तार किया।

### कई स्थानों पर धान की फसल को भारी नुक्सान

**सम्भल।** लगातार दो दिनों तक हुई भारी बारिश ने जहां मौसम में परिवर्तन लाया वहीं खेतों में खड़ी धान की फसल को नुक्सान पहुंचा। कई स्थानों पर धान में आइ बाली वाली फसल गिर गयी।

# छात्रवृत्ति का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता पैदा करना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रर्दशन कर गौरवान्वित करने वाले मेधावी-छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

उप नगरी सरायतरीन, मंगलपुरा स्थित फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित भव्य समारोह का शुभारम्भ प्रबंधक कलीम अशरफ के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने बताया कि अशोक गुप्ता मेमोरियल छात्रवृत्ति का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। अविनाश चन्द्र के सुपुत्र अमित कुमार, द्वारा कई सालों से निरंतर यह छात्रवृत्ति कॉलेज के मेधावी छात्राओं को दी जा रही है। मुख्य अतिथि अविनाश चंद्र सेठ ने कहा कि जिन छात्राओं को सम्मानित किया गया है, वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार ने छात्राओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा, कि अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करना चाहिए। डा. शहजाद अहमद ने कहा, कि शिक्षा वह शक्ति है जो हर व्यक्ति को सशक्त बनाती है। बसंत कुमार, सरायतरीन चौकी ने छात्राओं की सफलता पर प्रोत्साहित किया और अपने लक्ष्यों के प्रति हमेशा समर्पित रहने की प्रेरणा दी। समारोह अध्यक्ष शायर और साहित्यकार सुल्तान मुहम्मद खान कलीम ने कहा कि शिक्षा ही वह नींव है जिस पर एक मजबूत और समृद्व समाज का निर्माण होता है। समारोह में उन सभी छात्राओं को धनराशि देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने कक्षा 9 से लेकर 12 तक की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्या जहाँआरा तबस्सुम ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार ने किया। इस मौके पर मौलाना फैजान अशरफ, मौलाना महबूब मिस्बाही, मुहम्मद नाजिर, मुहम्मद आरिफ सभासद, हाजी नूरइलाही, हाजी शराफत, हाजी शहादत, हाजी मरगूब, हाजी उमर, मुहम्मद इमरान, नाजिम, अनुराधा, सुल्ताना, नफीस, तखलीक, मेराज, इकराम, इकरा, नबीहा, सुबहाना, सानिया, नेहा, स्वलेहा के अलावा मेधावी छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।




सम्भल-फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते।

# नियमों की धज्जियां उड़ा रहे वाहनों पर परिवहन विभाग ने कसा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शासन/उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर परिवहन विभाग का यातयात उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों पर शिकंजा जारी है। पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से चलाये जा रहे संयुक्त अभियान में 72 वाहनों पर प्रर्वेतन की कार्यवाही की गई।

मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा परमिट शर्तो का उल्लघंन/ओवरलोडिंग माल परिवहन करने/सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लघंन करने वालो के विरूद्व चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अमिताभ चतुर्वेदी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) एवं योगेन्द्र कुमार यादव यात्री/मालकर अधिकार प्रवर्तन की उपस्थिति में संयुक्त चैकिंग अभियान के दौरान कुल 72 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। जिसमें 02 वाहनों को ओवरलोड़ माल परिवहन करने पर नवीन पुलिस लाइन, बहजोई में निरूद्व किया गया। 02 बसों का परमिट शर्तों के उल्लंघन करने के अभियोग में थाना गुन्नौर में निरूद्व की गयी तथा अन्य 63 वाहनों का सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लघंन करने के अभियोग में चालान की कार्यवाही करते हुए कुल 2.56 लाख रू. शमन शुल्क आरोपित कर रू.- 0.80 लाख रू. जमा कराये गए। लिया गया है। इसके अलावा वाहन स्वामी एवं चालकों/परिचालको से अपील की दो पहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्य करें तथा ऐसे वाहन स्वामी जो किसी निजी वाहन का प्रयोग व्यावसायिक ढंग से कर रहे हैं वह उन वाहनों का कन्वर्जन व्यावसायिक वाहन में कराकर ही संचालन करें।

**○63 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही, वसूले 1.23 लाख**

### मंडी समिति में अवैध कब्जे पर गरजा बुल्डोजर जस्टिस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में अवैध कब्जों पर बुल्डोजर जस्टिस की गरजना जारी है।नोटिस मिलने के बावजूद कब्जा न छोड़ने वाले दुकानदारों पर प्रशासन ने अतिक्रमण को जे सी बी से ध्वसत कराया।

कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित दुकानों पर कब्ज़ा जमाए प्रशासन करीब 70 दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। इनमें से ज्यादातर दुकानदारों ने कब्जा खाली कर दिया, लेकिन 10 से 15 दुकानों ने चेतावनी के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा। मंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध हिस्सों को ध्वस्त करा दिया। इस दौरान मंडी सचिव भी मौजूद रहे। उन्होने बताया कि दुकानदारों पने आवंटन से अधिक जगह को घेर लिया गया था। उन पर अवैध निर्माण भी कर लिया था। जिसे बुल्डोजर से ध्वसत कराया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एक दुकान पर अदालत से स्थग्नादेश चस्पा मिला। जिसे मंडी सचिव ने बताया कि कार्रवाई के बीच एक दुकान पर सिविल न्यायालय का स्टे आदेश सामने आया। जिसके चलते उस दुकान को धवस्त न करके सील कर दिया गया और न्यायालय के आदेश अनुसार यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश लागू किए।मंडी समिति में बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम्प मचा हुआ है। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि नोटिस के बाद भी अवैध कब्जा न हटाने पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होने अवैध कब्जे को बख्शे नहीं जाने की चेतावनी दी।

# कस्बे भर में धूमधाम से मनाई गई ईदे ज़हरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** ईदे जहरा कस्बे भर में धूमधाम से मनाइ गई। शिया उलेमाओं के अनुसार आज का दिन यानि नौ रवीउलअव्वल एक बड़ी ईद का दिन है। इसी दिन यजीद की फौज का सेनापति मारा गया था, इसी ने हजरत इमाम हुसैन के कत्ल का हुक्म दिया था। उलेमाओं ने बताया कि इमाम हुसैन के चाहने वाले जनाबे मुख्तार ने यजीद की फौज का सेनापति उमर इब्ने साद का सिर कलम करके इमाम हुसैन के बेट इमाम सज्जाद की खिदमत में पेश किया था। अपने बाबा के कातिल का सिरर देखकर सज्जाद वाक्या ए कर्बला के बाद पहली बार मुस्कुराए थे। इसलिए इसे इदे जहरा कहा जाता है। दूसरी ओर यह भी बताया गया कि नो रवलउल अव्वल शियों के बारहवें इमाम की इमामत का पहल दिन है। इसलिए यह खुशी दोगुनी हो जाती है। कर्बला के शहीदों के 68 दिन के सोग के बाद शियों के लिए खुशी का दिन है। इसी के साथ शादी बगेरा के कार्यक्रम भी शुरू हो जायेंगे। दिन भर एक दूसरे को मुबारकबाद देकर मीठे पकवानों का भी स्वाद लिया। बच्चों ने भी रंग डालकर खुशी में शरीक हुए।

**○शिया समुदाय में शुरू हुए खुशी व शादी आदि के कार्यक्रम, एक दूसरे को मुबारकबाद देकर मीठे पकवानों का लिया स्वाद**

# भाजपा नेता के भाई के घर पुलिस ने कराई मुनादि

**○अदालत में हाजिर न होने पर की जाएगी कुर्की की कार्रवाई**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता के व्यवसायी भाई की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुख्यमंत्री के मठ के नाम से फर्जी कॉल कराने के आरोप में दर्ज मामले में फरार भाजपा नेता के भाई की ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी करायी गयी। जबकि निर्धारित समय में आत्म सर्मपण नहीं करने पर कुकी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी भाजपा नेता के भाई कपिल सिंहल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मठ के नाम से फर्जी कॉल कराकर अवेध वसूली करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेता के भाई को पुलिस ने कई बार दबिश देकर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था,लेकिन पुलिस को उनकी गिरफ्तारी में कोई सफलता नहीं मिली थी। उन्हे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। अब भाजपा नेता के भाई की मुश्किल ओर बढ़ गयी है। फरार घोषित किए गए आरोपी कपिल सिंहल की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस की ओर से उनके मकान की कुकी की कार्रवाई शुरू कर दी हैं अदालत ने फरार भाजपा नेता के भाई कपिल सिंह की कोठी के बाहर ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी करायी। उपनिरीक्षक ने अदालत के आदेश पर मुनादी कराते हुए कपिल सिंहल के निर्धारित तिथि के भीतर अदालत में हाजिर न होने पर उनकी कोठी की धारा 82 के तहत कुर्की की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।



सम्भल- भाजपा नेता के घर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराती पुलिस।

### बारिश से गंगा का जल स्तर बढ़ा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बारिश के चलते राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ रहा है। जिसके चलते गंगा घाट पर स्नानार्थियों से सावधानी से स्नान करने की प्रशासन व समिति ने चेतावनी दी है। राजघाट गंगा घाट के बबराला गंगा घाट पर गंगा का जल स्तर बढ़ गया। लोगों को जल का स्तर बढ़ा होने के कारण लोगों को ज्यादा गहरे तक में जाने से गोताखोर मना कर रहे थे। राजघाट गंगा के गोले पर पानी के वहाव तेज चल रहा है।

# मीराबाई की श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति का प्रदर्शन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के द्वारा सात दिवसीय गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम में सभी बच्चों को एक टास्क अपनी संस्कृति को हम कैसे बचाएं इस विषय को दिया गया था। जिसमे सभी बच्चों को गणेश चतुर्थी की पूरी पूजा, सभी अतिथियों को बुलाना कैसे पूजा करनी है, कैसे हमें अपने अतिथियों का सत्कार करना चाहिए। ईश्वर से हमें कैसे जुड़कर रहना है। सभी के प्रति प्रेम भक्ति भाव को चलाना इसके बारे में बताया गया। उड़ान अकादमी के सभी बच्चों ने अपने-अपने दिन के हिसाब से कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेनू वार्ष्णेय व विशिष्ट अतिथि नीतू गुप्ता, मीरा शर्मा, सोनम निषाद संस्कार भारती की सदस्य रागनी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने भगवान गणेश के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर उनका पूजन कर किया। उसके बाद गणेश वंदना पर नृत्य मिस्टी राजपूत व माही वर्मा ने किया। कार्यक्रम में एक विशेष टॉपिक दिया गया खुशी गौतम के लिए मीराबाई एवं श्री कृष्ण भगवान की अद्भुत प्रेम भक्ति भाव कैसे मीराबाई ने अपने अद्भुत प्रेम भक्ति भाव से श्री कृष्ण भगवान को अपना ईस्ट मान इसी भाव को लेकर सभी भक्ति भाव में सभी महिलाओं व लड़कियों ने उसे मीराबाई व श्रीकृष्ण भगवान के अद्भुत प्रेम को नृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में उड़ान की संचालिका ममता राजपूत, योगेन्द्र राजपूत, मीरा शर्मा, आस्था आनंद, गुंजन, मंजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** किसानों को फसलों की चिंता बबराला बारिश से हुए जल भराव की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। ऐसे में उन्हें काफी कठिनाइयों उठानी पड़ी। बारिश से बाजार भी देर से खुले और दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। नगर व ग्रामीण इलाकों में घंटों बाधित रही।

सोमवार को झमाझम बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों में बारिश के चलते घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे ग्रामीणों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम तक अधिकांश स्थानों पर बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। मंगलवार को भी बूंदाबांदी हुई। बादल छाए रहे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बारिश की वजह से कुछ स्थानों पर फाल्ट होने से ब्रेकडाउन की समस्या हो गई थी। हालांकि शाम तक सभी जगह पर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई। बारिश से जहां उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर जलभराव और बिजली संकट ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसान किशनपाल नत्थू सिंह, रामबाबू, राकेश, मनोज ने बताया कि इस समय धान की अगेती फसल में बाली आ गई है। अगर ऐसे में तेज हवा के साथ बारिश हुई तो फसल गिर जाएगी। जिससे फसल की पैदावार कम हो जाएगी और किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिसको लेकर किसान चिंतित हैं।

**○कई स्थानों पर फाल्ट से आयी समस्यायें**

### विवाहिता ने लगाये कारवाई न करने के आरोप

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** असमोली थाना पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए विवाहित ने अपने देवर व चचेरे ससुर पर छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने व कान के कुंडल निकालने का आरोप लगाया।पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर कानूनी कार्रवाई मांग कर लगाई न्याय की गुहार।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट युवक पर कांच की बोतल से किया हमला

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असलेमपुर में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गया। इस दौरान एक पक्ष के युवक ने कांच की बोतल से हमला कर दूसरे पक्ष के युवक को लहूलुहान कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असलेमपुर निवासी परवेज पुत्र साबिर का पिछले कई दिनों से अपने पड़ोसियों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में रंजिश पिछले दो दिनों से बढ़ती जा रही थी। मंगलवार को विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के एक युवक ने परवेज पर कांच की बोतल से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व ग्रामीणों ने किसी तरह घायल परवेज को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया है। वही पीड़ित परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर पुलिस को नही दी गई हैं।

# ठाकुरद्वारा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता मिशोरी सिंह कार्यमुक्त

**ठाकुरद्वारा।** विद्युत वितरण खंड ठाकुरद्वारा (ग्रामीण) में तैनात अवर अभियंता मिशोरी सिंह को उनके पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। यह आदेश मुरादाबाद क्षेत्र के मुख्य अभियंता (वितरण) के पत्र संख्याख्र5992 30 अगस्त 2025 के अनुपालन में जारी किया गया है। अधिशासी अभियंता राहुल सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार मिशोरी सिंह को आज दिनांक 1 सितंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें अपने आगामी कार्यभार हेतु विद्युत वितरण मंडल सम्भल में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि कार्यमुक्ति की सूचना अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडलख्रप्रथम मुरादाबाद एवं सम्बंधित उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

## ईओ कार्यालय से पुलिस ने बाबू को उठाया

**चन्दौसी।** नगरपालिका चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से पालिका बाबू नरेश सैनी से विवाद हो गया। उसके साथ ही मारपीट की वीडियो भी वायरल हुई जिसमें चतुर्थ श्रेणी महिलाकर्मी एवं कार्यालय के बाबू के मध्य नोंकझोंक का मामला सामने आया। इस घटना में पालिका बाबू एवं महिला की ओर से पालिकाकर्मी नरेश के खिलाफ छेड़खानी की तहनरीर दी गई थी, महिला की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज हो गई जिसकी जांच घंटाघर चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र को दी गई थी। मंगलवार को नगरपालिका बाबू अपने साथ फाइलों को लेकर ईओ कार्यालय पहुंचा। ईओ ने एक-दो फाइलों पर हस्ताक्षर किये, तभी दो पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और नरेश बाबू को अपने साथ कोतवाली ले आये। बताया गया कि अपने ही विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी की ओर से छेड़खानी की तहरीर नरेश बाबू के खिलाफ अभियोग पंजीकत हुआ। वहीं अन्य नगरपालिका कर्मी भी दोनों के मध्य विवाद को निपटाने के लिए कोतवाली पहुंचे।

# सुगंध दशमी पर धूप खेवन से महका रिद्धि-सिद्धि भवन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के छठे दिन उत्तम संयम धर्म पर भक्ति की बयार बही। संगीतमय भजनों पर रिद्धि-सिद्धि भवन में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं आस्था के सागर में झूमते नजर आए। उत्तम संयम धर्म पर सुगंध दशमी के उपलक्ष्य में विशेष पूजन हुआ। उत्तम सत्य धर्म पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में देव शास्त्र गुरु पूजन, शीतल नाथ भगवान पूजन विधि-विधान से हुए। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती रेणु जैन, श्रीमती विनीता जैन, डॉ. विनीता जैन ने अभिषेक करने वालों को सम्मानित किया। जीवीसी श्री मनीष जैन ने श्रीमती ऋचा जैन, जबकि श्री अक्षत जैन ने डॉ. कल्पना जैन को सम्मानित किया। प्रथम स्वर्ण कलश से डॉ. रवि जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री वंश जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से डॉ. रत्नेश जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री आयुष जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. अनिकेत जैन, डॉ. आकाश, डॉ. अस्मिता, डॉ. आगम, डॉ. अर्पित, डॉ. जय सुभाष, डॉ. शुभम, श्री समर्थ, श्री सम्यक आदि को मिला। द्वितीय रजत



शांतिधारा का पुण्य श्री आर्जव, श्री कुशाग्र, श्री मोहित, श्री आर्यन, श्री आदि, श्री आदर्श, श्री नमो, श्री अनिमेश जैन ने कमाया। तत्वार्थ सूत्र के षष्टम अध्याय का वाचन श्री संभव जैन ने किया। फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने श्री संभव जैन को सम्मानित किया। श्रीमती ऋचा जैन ने प्रतिदिन अभिषेक करने वाली फैकल्टीज और श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग-संग श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री ने कहा, मंत्र, तंत्र और यंत्र का ज्ञान हो जाएगा जब आप इस ग्रंथ मंत्र अनुशासन को पढ़ेंगे। कभी भी मन वचन काय से देव शास्त्र गुरु की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। भैया जी ने रिद्धि-सिद्धि भवन में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं को सुंदर नारी की सुंदरता के अभिमान और मुनिराज के अपमान की कहानी सुनाई। वह स्त्री बाद में दुर्गंधा कहलाई। यही सुगंध दशमी पर्व के मनाने की कहानी है। इसी दिन वह स्त्री कोंढ रोग से मुक्त हुई थी। भोपाल के सचिन जैन और उनके साथियों की ओर से प्रस्तुत भजनों- जिनवर तेरा अभिषेक किया है, भक्ति में तेरे बेकरार हो गए, तू प्रीत का धागा है, ना ही शोहरत न हीं दौलत चाहूं प्रभु सिर्फ दर्श तुम्हारा चाहे, णमोकार णमो. कार महामंत्र णमोकार, है पारस नाथ बड़ा प्यारा इस भव को पार लगाएगा, चिंतामणि प्रभु पारसमणि, पूजन कर लो पुण्य कर लो प्रभु के गुण गा लो, उड़ जा रे पंछी, तेरे चेहरे का दर्श ना छोड़ेंगे पर तेरा साथ ना छोड़ेंगे, आगे आगे है जिनवर है मेरे अपने बाबा के पीछे पीछे हूं मैं पर श्रावक-श्राविकाएं भक्ति में डूब गए। सांस्कृतिक संध्या से पूर्व फिजियोथैरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल को श्रीजी की आरती को दिव्य घोष के बीच जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक ले जाने का सौभाग्य मिला। इस मौके पर श्री नंदकिशोर साह, श्री हरीश शर्मा, श्रीमती हिमानी, श्री रंजीत तिवारी, मिस समर्पिता सेनापति, मिस नीलम चौहान, मिस मुस्कान जैन आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मंगलचारण के संग डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी के स्टुडेंट्स की ओर से ऑडी में भगवान पार्श्वनाथ की जीवनी नाटक मंचन का शंखनाद हुआ। प्ले के संग-संग संगीत-नृत्य के जरिए भगवान पार्श्वनाथ के पंच कल्याणक- गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष भक्तिभाव से प्रस्तुत किए गए। फिजियोथैरेपी के स्टुडेंट्स निहाल जैन ने भगवान पार्श्वनाथ, रिशिका जैन ने माता वामाद. ेवी, संयम जैन ने पिता अश्वसेन की भूमिका निभाई, जबकि जयंत जैन, भूमि अहाले और कशिश जैन नेरेटर की भूमिका में रहे। नाटक में 30 जैन श्रावक-श्राविकाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर वीसी प्रो. वीके जैन ने फिजियोथैरेपी के 06, एमडीएस के 04 और बीडीएस के 05 फाइनल ईयर स्टुडेंट्स को टीएमयू का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# बब्लू और ज्योति मराठा बने आज के गणेश उत्सव में मुख्य यजमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर में आयोजित श्री गणेश महोत्सव की संध्या काल पूजा में यजमान बब्लू मराठा ज्योति मराठा, शिव मराठा अनुश्री मराठा को बनाया गया। भागवत आचार्य शुभम शास्त्री व पंडित सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने मन्त्रों उच्चारण द्वारा प्रथम पूज्यनीय भगवान गणेश की पूजा करायी और धर्म की महिमा के वारें में बताया उन्होंने सतयुग त्रेतायुग द्वापरयुग तथा कलयुग प्रसंग सुंदर ढंग से सुनाया। बताया कि आयु तो धर्म की ही लंबी होती है सतयुग में जब धर्म के चार पग थे तब तब मनुष्य कीआयु एक लाख वर्ष थी परंतु त्रेता आने पर धर्म का एक पग छीण हुआ तो आयु 10 गुनी छीङ हुईश तत्रेता में दस हजार वर्ष द्वापर आने पर धर्म का एक पग फिर छीण हुआ आयु दस गुनी फिर



छीण हुई अर्थात एक हजार वर्ष हुई इस प्रकार कलयुग आने पर धर्म के तीन पग छीण हुए और आयु बची सौ बर्ष ये भी उनकी ही रह पायेगी जो धर्म के मार्ग का अनुसरण करेंगा। मुख्य यजमान बब्लू मराठा को चन्द्रमोहन विश्नोई ने और श्रीमति ज्योति मराठा को श्रीमति प्रवेश शर्मा ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। हर हर महादेव गणपति की जय जय कार गणपति बप्पा मोरया आदि जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया महोत्सत में अनिल वर्मा द्वारा भजन सुनाए गए भक्त गण जयकारे लगाते हुए झूमने लगे सर्व समाज द्वारा विशाल भण्डारें का आयोजन किया गया भक्तों द्वारा भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया गया। अनिल विश्नोई, प्रमोद विश्नोई गौरव विश्नोई मा० बृजेंद्र विश्नोई मनोज विश्नोई रमेश वर्मा भरत विश्नोई राहुल विश्नोई, विजय माहेश्वरी, राजू विश्नोई, अभय विश्नोई, जितेन्द्र बिश्नोई, साहू पार्थ विश्नोई, राम विश्नोई, लक्ष्य विश्नोई, विभू विश्नोई आस्था विश्नोई, रिया विश्नोई, तनु विश्नोई मोहिता विश्नोई रेनू विश्नोईआदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता पर किया चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के ओम विहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राजू गुप्ता पर उनके घर के पास प्लाट में बैठे एक युवक ने चाकू से हमला बोल दिया। जिससे वह बाल बाल बच गए। 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों को थाने ले आई। जहां मामले में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी गई है।

अधिवक्ता ने तहरीर में कहा कि दोपहर 2:15 बजे में तहसील बिलारी से अपने घर पहुंचे। तभी उनके घर के पास ही एक प्लॉट से एक लड़का निकला और उनके ऊपर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह बाल बाल बच गए। अधिवक्ता ने एक अन्य व्यक्ति पर रंजिश का आरोप लगाया। 112 नंबर पुलिस को सूचना दी तो पुलिस युवक को कोतवाली लेकर आ गई और उससे पूछताछ कर रही है। मामले में तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

# जमियत - ए - उलेमा शहर के अध्यक्ष बने मौलाना मोहम्मद ताहिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जमियत - ए - उलेमा शहर की एक चुनावी सभा महानगर अध्यक्ष हाफिज आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस सभा का संचालन महा सचिव मौलाना मुजम्मिल हुसैन ने किया सभा की शुरुआत कुराने पाक की तिलावत और नाते नबी से शुरू की गई। महासचिव ने 3 साल पूरा होने पर रिपोर्ट पेश की। चुनाव का ऐलान परिशमी उत्तर प्रदेश के महा सचिव कारी यामीन व सचिव शकील अहमद ने किया। उलहोंने चुनाव से पहले जमियत - ए- उलेमा हिन्द के नियम पढ़कर सुनाये।उन्होंने नये अध्यक्ष के चुनाव के लिए सदस्यों से नाम लेने की अपील की। सदस्य हाजी तैय्यब ने मौलाना मोहम्मद ताहिर का नाम पेश किया।जिसे सभी मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया।मौलाना मोहम्मद ताहिर के मुक. ाबले किसी उम्मीदवार ने अपना नाम पेश नहीं किया। चुनाव अधिकारी मौलाना यामीन ने शहर का नया अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद ताहिर को घोषित किया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिये कारी नाजीबुर रहमान, हाफिज



मोहम्मद आलम, कारी मोहम्मद इब्राहीम और मौलाना मोहम्मद अख्तर के नामों पर रजामन्दी हुई महा सचिव पद के लिए। मौलाना मुजम्मिल व् कारी नफीसुर रहमान का नाम पेश हुआ इसके बाद कारी नफीसुर रहमान ने अपना नाम वापस ले लिया।चुनाव अधिकारी मौलाना मोहम्मद यामीन ने महा सचिव पद के लिए मौलाना मुजम्मिल हुसैन के नाम का एलान किया। कोषाध्यक्ष के लिए हाजी नसीम का नाम पेश हुआ। जिसे सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया। शहर जमियत - ए - उलेमा का पूरा चुनाव शांतिपूर्वक हुआ।नवनियुक्त अध्यक्ष मौलाना ताहिर ने सभी सदस्यों व मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।उन्होंने सभी सदस्यों को यकीन दिलाया कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गयी है उसे में अपनी टीम के साथ मजबूत करुगा और आवाम की खिदमत करूंगा और जमियत - ए - उलेमा हिन्द को शहर में मजबूत करुंगा। इस चुनाव सभा की सरपरस्ती मुफ्ती अबू बकर ने की।

इस सभा में मौलाना अतीक अह मुफ्ती मोहम्मद फारूक, मौलाना मोहम्मद उस्मान मुफ्ती अब्दुल हक आदि मौजूद रहे।

## भारी बरसात से एक बार फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** दो दिन से हो रही भारी वर्षा के कारण एक बार फिर जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया रामग. ंगा का जल स्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र में फिर बाढ़ की आशंका सताने लगी और किसानों को उनकी बची कुची फसल भी बर्बाद होने का डर लगने लगा है। सर्वविदित है कि दो दिन से भारी वर्षा होने के कारण खेत खलियान नदी और नाले सभी ऊफान पर आ गए हैं कालागढ़ डेम से रामग. ंगा नदी में पानी छोड़े जाने के कारण रामगंगा का जल स्तर भी काफी बढा हुआ है और इसी के साथ-साथ हुई भारी बारिश ने खेत खलियान और तालाबों को भर दिया है जिसके कारण खादर क्षेत्र के खेतों में बची कुची फसल भी जलमग्न होने के कारण अब पूरी तरह से खत्म होने के कगार पर पहुंच चुकी है। खादर क्षेत्र के किसान पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों में नुकसान के मुआवजे की मांग पहले से ही करते चले आ रहे हैं लेकिन इस बार के हालात ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। पक्की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। खेतों में भी पानी भरने के बाद चली हवा से गन्ने की फसल गिरने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि बांगर क्षेत्र के किसानों के लिए हुई वर्षा तो फायदे का सौदा बताया जा रहा है लेकिन खादर क्षेत्र के किसान बारिश के कारण चिंतित दिखाइ देने लगे है।

# पर्यूषण पर्व का छठा दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नियमित प्रक्षालन एवं शांति धारा की गई जैन अनुयायियों द्वारा आज धूप दसवीं का दिन धूमधाम से मनाया गया सभी लोगों ने एकत्रित होकर शीतल नाथ भगवान के चरणों में धूप अर्पित की आज विशेष पूजा रही शांतिनाथ भगवान शीतल नाथ भगवान श्री विमल नाथ भगवान श्री अनंत नाथ भगवान निर्माण क्षेत्र देव शास्त्र गुरु चौबीसी भगवान सोलह कारण दसलक्षण धर्म आदि की रही कौशल जैन ने प्रकाश डालते हुए संयम धर्म के बारे में बताया विषय कषाय में दौड़ते हुए आत्मा को रोक कर सू मार्ग में प्रवर्तन हेतु जो आचरण किया जाता है इस



संयम कहते हैं हमें पंचेंद्रीय को बश में करके वीतराग मुद्रा अपनानी चाहिए यह संयम जन्म- मरण के दुख सागर को पार लगता है जो संयम को धारण करता है वह मोक्ष सुख को प्राप्त करता है।

इस अवसर पर उपस्थित रहे राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक जैन प्रतीक जैन अरिहंत जैन समीर जैन अभिषेक जैन विपुल जैन रजत जैन आरभ जैन आर्याश जैन दर्शील जैन राकेश कुमार जैन एडवोकेट पवित्र जैन तनिष्क जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी चारू जैन शगुन जैन जैन मिशिता जैन कल्पना जैन रेनू जैन मानसी जैन शशि जैन पूजा जैन लवी जैन सुरभि जैन वर्णिका जैन अन्वी जैन आशा जैन निधि जैन यश जैन खुशी जैन अक्षया जैन आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र कासिम गलत संगत में पड़ गया है। उसका चाल चलन भी ठीक नहीं है। गलत संगत तथा आचरण में पड़ने के कारण मैं तथा मेरे परिवार ने कासिम से अपने सभी संबंध समाप्त कर दिए है। तथा उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उससे संबंध रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नबील अहमद पुत्र भरे अहमद, ग्राम जयरामपुर परगना स्योहारा, तहसील धामपुर जिला बिजनौर।**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा पुत्र सोन्टी गलत संगत में पड़ गया है। उसका चाल चलन भी ठीक नहीं है। गलत संगत तथा आचरण में पड़ने के कारण मैं तथा मेरे परिवार ने सोन्टी से अपने सभी संबंध समाप्त कर दिए है। तथा उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उससे संबंध रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नौबहार सिंह पुत्र घसीटा सिंह, निवासी ग्राम ढक्का करमचंद, थाना धामपुर, जिला बिजनौर**

# व्यापार मंडल ने किया बार अध्यक्ष को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव निर्विरोध होने की बारह साल पुरानी परंपरा को बरक. रार रखने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने तहसील परसर में पहुंचकर नव निर्वाचित अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, महासचिव सुनील कुमार समेत पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि तहसील के अधिवक्ताओं ने निर्विरोध चुनाव संपन्न कराकर सौहार्द का परिचय दिया है। बार काउंसिल के दिशा निर्देशों के अनुसार एल्डर कमेटी



के अध्यक्ष कमाल अकबर और सचिव रामकुमार सिंह यादव एडवोकेट ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई उन समेत सभी अधिवक्ता सराहना और बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर दुष्यंत चौहान भी आदि भी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष की बहन को दी श्रद्धांजलि

**अगवानपुर।** नगर में आज युवा प्रदेश सचिव राहुल बलियान द्वारा एक श्रद्धांजलि बैठक की गई जिसमें दिनांक 28 अगस्त 2025 को युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री रवींद्र सिंह पटेल जी की बड़ी बहन के असमय निधन होने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की, और सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवांगत पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे, और परिवारजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। दु:ख की इस घडी में वहां पर जुनैद आलम,हिमांशु राजपूत, राहुल सिंह सैनी,कुलदीप कुमार, रोहन सैनी, जिशान अली,शेखर चौधरी, ऋषभ गुप्ता,नवीन चौहान,रिंकू पांडे,अखिल चौधरी, सोनू जाटव,अनुभव सिंह, तरुण अग्रवाल,दीपक सैनी, राहुल शर्मा, हर्ष,जीतेन्द्र चौधरी, उम्मेद अली आदि लोग अपस्थित रहे।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र पुष्पेंद्र व पुत्रवधू श्रीमती निशि को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। रविंद्र कुमार शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी कमला बिहार पीतल नगरी गोपाल भवन वाली गली थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०), महोदय मुरादाबाद।**

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

**वाद संख्या:**-233/2025

**तारीख पेशी:** 04.09.2025

**सूरजपाल बनाम विरेन्द्र सिंह आदि**

**बनाम**

**जनता आम-ग्राम दूल्हापुर पट्टी जाट थाना व तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 04 माह 09 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 01 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सी०डि०) जनपद-मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**

**ओ०एस० नं०**- 1024 सन् 2024

**तारीख पेशी:** 14.10.2025

**राजपाल सिंह बनाम मौ. रिजवान**

**बनाम**

1. दिलशाद हुसैन, 2. मौ. फुरकान, 3. मौ. गुफरान, 4. मौ. मोहसिन, 5. मौ. मुरसलीन पुत्रगण अब्दुल रहमान मरहूम निवासीगण मौहल्ला असालतपुरा इस्माईल रोड, मुरादाबाद, 6. श्रीमती नजमा बेगम पुत्री अब्दुल रहमान मरहूम पत्नी श्री नसरूद्दीन निवासिनी मौहल्ला असालतपुरा इस्माईल रोड मुरादाबाद, 7. श्रीमती शाईस्ता पुत्री अब्दुल रहमान पत्नी श्री रियासत निवा. सिनी मौहल्ला असालतपुरा, मुरादाबाद।

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 14 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 02 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।

**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश,**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फूलपुर मिठनपुर विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: परावि/ पंचायत सहायक / 2025-26 दिनांक: 01.09.2025

**-: विज्ञापन: -**

पंचायतीराज उ०प्र० के पत्र सं० 6/ 2222 / 2018-6/208-11 / 2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

कुल पद-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 अगस्त, से 29 अगस्त, 2025 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 16 सितम्बर, 2025 से 20 सितम्बर, 2025 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 21 सितम्बर, 2025 से 27 सितम्बर, 2025 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | 28 सितम्बर, 2025 से 03 अक्टूबर, 2025 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 05 अक्टूबर, 2025 से 08 अक्टूबर 2025 तक |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं निदेशक, पंचायती राज, उ०प्र० के पत्र संख्या 6/2222/2018-6/208-11/2024-25 दिनांक 17-12-2024 के अनुरूप संचालित होंगे।

नोट:- पंचायत सहायक का पद अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित रहेगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- फूलपुर मिठनपुर**
**विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)**

# गन्ना किसानों के हित में राज्य सरकार ने लिए बड़े फैसले

## लघु महिला गन्ना किसानों व अति लघु कृषकों को गन्ना आपूर्ति में विशेष प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वार्ता के दौरान उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद ने बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं गन्ना किसानों के व्यापक हितों के दृष्टिगत माननीय मंत्री चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी तथा राज्य मंत्री संजय गंग. वार द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के क्रम में अपर मुख्य सचिव,चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, उ.प्र. शासन के दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. द्वारा पेराई सत्र-2025-26 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी कर दी गयी है। गन्ना आपूर्ति नीति के संदर्भ में प्रदेश के गन्ना कृषकों को गन्ने की पर्चियों के निर्गमन सहित आपूर्ति हेतु विस्तृत निर्देश चीनी मिलों को दिये गये हैं। सट्टा एवं आपूर्ति नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होने ने बताया कि परिक्षेत्र की चीनी मिलों की पेराई क्षमता, किसानों की गन्ना आपूर्ति में सुविधा, लघु महिला किसानों को विशेष प्राथमिकता, गन्ना उत्पादन तथा चीनी मिलों को गन्ने की उपलब्धता में संत. ुलन बनाये जाने की आवश्यकता है, जिससे चीनी मिलों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप पेराई हेतु गन्ना उपलब्धता के साथ किसानों का समस्त पेराई योग्य गन्ने की आपूर्ति हो सके, इन्हीं तथ्यों का संज्ञान लेते हुए गन्ना विकास विभाग द्वारा जारी पेराई सत्र 2025-26 के लिये सट्टा एवं आपूर्ति नीति में कृषक हितों के दृष्टिगत कई बदलाव किये गये हैं। इस पेराई सत्र हेतु निर्गत नीति में प्रथम बार गन्ना समिति के नये कृषक सदस्यो का सट्टा पेराई सत्र 2024-25 में सम्बन्धित चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति अथवा सम्बन्धित जिले की गन्ना उत्पादकता का 70 प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो की सीमा तक गन्ना सट्टा का लाभ दिया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि पेराई सत्र 2025-26 हेतु में जारी सट्टा नीति में प्रदेश सरकार के मंशानुरूप लघु महिला किसानों को विशेष प्राथमिकता दी गयी है। छोटे गन्ना किसानों (81 कुन्तल सट्टाधारक) की पेड़ी गन्ने की पर्चियां 01 से 03 पक्ष में तथा पौधे गन्ने की पर्चियां 07 से 09 पक्ष में जारी करने की सुविधा प्रदान की गयी है। इस निर्णय से प्रदेश के कुल 13.12 लाख छोटे गन्ना कृषक लाभान्वित होंगे। प्रथम बार अतिलघु गन्ना किसानों (36 कु. या 04 पर्ची बेसिक मोड) एवं लघु महिला गन्ना किसान (81 कु. या 09 पर्ची बेसिक मोड) को पेड़ी पौधा को 52:48 के अनुपात से मुक्त रखते हुए,अति लघु गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत पेड़ी गन्ने की पर्चियां प्रथम पक्ष में तथा पौधे गन्ने की पर्चियां सातवें पक्ष में एवं लघु महिला गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत पेडी गन्ने की पर्चिया 01 से 03 पक्ष में तथा पौधे गन्ना की पर्चिया 07 से 09 पक्ष में जारी की जायेंगी। इससे लगभग 3.75 लाख अति लघु गन्ना कृषक तथा 6268 लघु महिला गन्ना किसान लाभान्वित होंगी। उन्होंने बताया कि पहली बार नये सदस्यों को पेराई सत्र 2025-26 में चीनी मिल की औसत गन्ना आपूर्ति अथवा संबंधित जिले की गन्ना उत्पादकता का 70 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, की सीमा तक गन्ना सट्टा का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रदेश में प्रति वर्ष लगभग 02 लाख गन्ना किसान समितियों के नये सदस्य बनते है और इसका लाभ उठाते हैं। गन्ना शोध परिषद की ओर से जारी गन्ना किस्म को.15023 की परिपक्वता के दृष्टिगत अतिशीघ्र मानते हुये गन्ने की कैलेण्डरिंग में प्राथमिकता प्रदान की गयी है, जिसमें मुख्यत: को.15023 गन्ना प्रजाति को अगेती संवर्ग में शीघ्रतम परिपक्वता के कारण पेड़ी की पर्चियां 01 से 02 पक्ष में एवं पौधे की पर्चियां 07 से 08 पक्ष में अंकित की जायेगीं। इससे लगभग कुल 3.66 लाख किसान लाभान्वित होगे तथा चीनी मिलों को चीनी परता में वृर्घ्द्धि होगी जिससे कृषकों को शीघ्र गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होने यह भी बताया कि ऐसे नये समिति सदस्यों जिनके पास पेड़ी अथवा शरदकालीन पौधा है, उनकी पर्चियां पहली बार 5 वें पक्ष से 12 वें पक्ष में लगाये जानी की सुविधा प्रदान की गयी है तथा जिनके पास पौधा गन्ना है, उनकी पर्चियां गत वर्ष की भांति 7 वें पक्ष से लगेगीं।

वर्तमान में पेराई सत्र 2025-26 हेतु जारी सट्टा नीति के अन्तर्गत गन्ना किसानों को कैलेण्डर के किसी एक कालम में अधिकतम बेसिक मोड की 04 पर्चियां ही अंकित की जाएंगी, किन्तु 2500 कु. या उससे अधिक बेसिक सट्टा धारक कृषक के एक कालम में अधिकतम 08 पर्चियां अंकित की जा सकती हैं। ऐसे कृषक जिनके पास शत-प्रतिशत पेड़ी गन्ना है, उनकी 52 प्रतिशत पर्चियां 6वें पखवाड़े तक तथा शेष 48 प्रतिशत पर्चियां 07वें से 10वें पखवाड़े में लगायी जायेगीं।

## बिना हेल्मेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल

**कांठ।** सड़क हादसों में लगातार हो रही जनहानि और लोगों में सुरक्षा के प्रति उदासीनता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। 1 सितंबर से पूरे प्रदेश में श्नो हेलमेट, नो फ्यूलश अभियान की शुरुआत की गई है। इस विशेष अभियान के तहत अब पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट आने वाले किसी भी दोपहिया वाहन चालक या सवार को पेट्रोल, डीजल या सीएनजी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। यह अभियान 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चलेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से इस अभियान की सघन निगरानी करेंगे। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने और नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी खाद्य एवं रसद विभाग को सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस अभियान के दौरान व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर और जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जाएगा अभी तक इस आदेश का कोई असर दिखाई नही दे रहा है।

## एक नजर

### विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को किया सील



**मुरादाबाद।** नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग एवं अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सतत प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देशानुसार प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन-3, सबजोन-14, थाना क्षेत्र सम्भल रोड अंतर्गत अवैध निर्माण के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की। प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण क्रम विपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवाही इकराम भाई ग्राम लाल. पुर, बस्तौर, सम्भल रोड, जोन-3, सबजोन-14 लगभग 700 वर्गमीटर अवैध निर्माण सील विपक्षी द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 700 वर्गमीटर भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। प्रवर्तन दस्ते द्वारा नियमानुसार तत्काल प्रभाव से उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। विकास प्राधिकरण पुन: स्पष्ट करता है कि कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण, सीलिंग एवं विधिक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की जाएगी।उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु अधिसूचित श्मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन 2025श के अंतर्गत ही निर्माण कार्य कराया जाए। अन्यथा ऐसा कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा एवं उसके विरुद्ध विधिसंगत ध्वस्तीकरण, सीलिंग व अन्य कानूनी कार्यवाही की जाएगी। विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी सख्ती, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

### जनपद स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



चन्दौसी। सोमवार को जनपद स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में किया गया। प्रधानाचार्या सुषमा उपाध्याय ने खिलाडिघ्यों से परिचय करते हुए एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जनपद संभल के संकुल हिंद इंटर कॉलेज संभल एवं संकुल एस.एम. इंटर कालेज चंदौसी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी धनंजय आर्य, चयनकर्ता सचिन शर्मा (जिला क्रीड़ा सचिव) व चंद्रप्रकाश द्वारा अंडर-19 (सीनियर वर्ग) शाजी हसन, साकिब, गोसे आलम, धर्मेन्द्र, अयान हसन, हुरमान, सलमान, मनीष, दक्ष तोमर, अमर सिंह, प्रिंस श्रीवास्तव, अजय का चयन किया गया। चयनित टीम को बिजनौर के किरतपुर में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में मनोज कुमार, संजीव कुमार, प्रभुदयाल, विवेक कुमार, संजय कुमार शर्मा, विनोद चौहान, राजवीर सिंह, श्रीराम वर्मा, उत्तमचंद, योगेश कुमार, जितेन्द्र कुमार गौतम, मुकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

### धनगर प्रमाणपत्र को लेकर तहसीलदार से समाज के प्रतिनिधियों ने की वार्ता

**ठाकुरद्वारा।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के जिला एवं तहसील पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने तहसीलदार से मुलाकात कर सात जुलाई, 2025 को जारी धनगर प्रमाणपत्र संबंधी आदेश पर चर्चा की। तहस. ीलदार ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट किया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद उचित जांच-पड़ताल की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी चचसपबंदज धनगर समुदाय से पाया जाएगा। उसे ही प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। बिना जांच के किसी को भी धनगर प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष युवा वर्ग प्रदीप धनगर, तहसील सचिव अनुज धनगर, जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष जगदीश कुमार धनगर, प्रवीण कुमार धनगर, सोनाथ सिंह धनगर, मनोज कुमार धनगर, मास्टर मनोज कुमार धनगर सहित समाज के अन्य कुशल नेतृत्वकर्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजसेवी शानू वारसी सिपाही के परिवार को देंगे दो लाख की आर्थिक मदद

**चन्दौसी।** गणेश चौथ मेले की ड्यूटी के दौरान बरसाती नाले में डूबकर जान गंवाने वाले सिपाही रजनीश कुमार के परिवार की मदद के लिए नगर के समाजसेवी शानू वारसी एडवोकेट ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे स्वयं आगे आकर मृतक पुलिसकर्मी के परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही मेला कमेटी से भी सिपाही के परिवार की हरसंभव मदद की मांग की है। बता दें कि सोमवार सुबह ड्यूटी पर जाते समय रजनीश की बाइक जलभराव और तेज बहाव के कारण नाले में जा गिरी। बाइक तो पुलिया में फंस गई, लेकिन रजनीश गहरे पानी में बह गए। बाद में स्थानीय लोगों ने उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित चौधरी और मेला कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ पहुंचे। शव को



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मृतक आरक्षी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहर के खुले नाले लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभागों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

## आईएफटीम विश्वविद्यालय में 'नेशनल न्यूट्रीशन वीक' मनाए जाने के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''नेशनल न्यूट्रीशन वीक- 2025'' मनाए जाने के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। विविध कार्यक्रमों की इस कड़ी में ''बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए पौष्टिक भोजन'' विषय के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, होम साइंस, पांचवें सेमेस्टर की छात्रा वाजिया फातिमा ने प्रथम, बीएससी, होम साइंस, तीसरे सेमेस्टर की छात्रा ईशा चहल एवं पांचवें सेमेस्टर की हर्षिता ने द्वितीय तथा बी.एससी, होम साइंस, तीसरे सेमेस्टर की छात्रा एंजिला एवं



गोसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेस के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. तृप्ति पांडे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर डॉ. बी.के. सिंह ने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना तथा उन्हें यह बताना है कि शारीरिक गतिविधियों के कुशल संचालन हेतु हर आयु वर्ग में सभी तरह के पोषण तत्वों का महत्व होता हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि यह राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 7 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसके दौरान कुकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. तृप्ति पांडे, सह संयोजिका मिस पायल सिंह एवं आयोजन सचिव श्रीमती रुचि चौधरी का विशेष योगदान रहा। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने तथा पोस्टर मेकिंग में स्कूल ऑफ साइंसेज के 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## बड़ा महादेव शिव मंदिर में गणेश महोत्सव का पंचम दिवस सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर में आयोजित गणेश पंडाल में सोमवार, 01 सितम्बर 2024 को गणेश महोत्सव का पंचम दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिन यजमान के रूप में मो. हित अग्रवाल एवं राधा अग्रवाल ने विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कराया।

कार्यक्रम में आचार्य कथा व्यास शिवशंकर भारद्वाज ने श्रीराम कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र ने ब्रह्मांडत्व स्वीकार कर लिया था, इसी कारण वे राक्षसों पर शास्त्रों का प्रयोग नहीं करते थे और राम-लक्ष्मण को अयोध्या से साथ लेकर आए। उन्होंने समझाया कि जैसे प्रसाद की आवश्यकता है, वैसे ही प्रभु कृपा का आश्रय भी अनिवार्य है। बिना प्रभु कृपा के मनुष्य कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, चिंतित ही रहता है। कथा व्यास ने कहा कि ऋषि विश्वामित्र ने अयोध्या जाकर



संपत्ति नहीं, बल्कि संतान मांगी और राम-लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा हेतु साथ लिया।

राम ने यज्ञ रक्षा के दौरान प्रथम राक्षस का संहार कर संसार को संदेश दिया कि बुराई का अंत करने से पहले उसके मूल कारणों को समाप्त करना आवश्यक है। जैसे आतंकवाद से छुटकारा पाने के लिए आतंकवादी संगठनों को नष्ट करना जरूरी है। धनुष यज्ञ की यात्रा के दौरान राम गौतम ऋषि के आश्रम भी पहुंचे। यहां आचार्य ने समझाया कि बड़े से बड़े पाप के बाद भी यदि राम पापी के द्वार पर जा सकते हैं, तो मनुष्य को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। केवल सच्चे पश्चाताप से मुक्ति संभव है। इस अवसर पर कृष्णा शर्मा, विनोद रस्तोगी, आशीष गुप्ता, आयुषी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अर्चना शर्मा, देवेंद्र शर्मा, विनोद कुमार, बिन्नी, मयंक गुप्ता, दक्ष, उत्सव, अमित, मोनू, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अशोक आदि का विशेष सहयोग रहा।

## जनता इंटर कॉलेज प्रकरण: जिला विद्यालय निरीक्षक पर 25000 का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** लखनऊ मुरादाबाद। राज्य सूचना आयोग ने जनता इंटर कॉलेज, गोपीवाला-कालेवाला (जनपद मुरादाबाद) से संबंधित सूचना प्रकरण में बड़ा निर्णय सुनाया है।

आयोग ने सूचना उपलब्ध न कराने और आदेशों की अवहेलना पर जिला विद्यालय निरीक्षक/जन सूचना अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह पर 25,000 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। प्रकरण में अपीलार्थी श्री सखेमचन्द्र शर्मा की ओर से अधिवक्ता मनीष कुमार सिंह उपस्थित हुए, जबकि विपक्षी की ओर से कॉलेज के प्रधानाचार्य भूपेन्द्र पाल सिंह गहलोत ने पक्ष रखा। आयोग ने पाया कि अपीलार्थी द्वारा मांगी गई सूचनाएं 18 अगस्त 2024 को मांगी गई थीं, लेकिन आज तक पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई। आयोग ने टिप्पणी की कि सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत 30 दिनों के भीतर सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है, लेकिन विपक्षी ने न तो सूचना दी और न ही आयोग के आदेशों का पालन किया। यह गंभीर लापरवाही और अधिनियम की अवहेलना है। आयोग ने जिला विद्यालय निरीक्षक और प्रबंध समिति को निर्देशित किया है कि वे अगली तिथि 3 सितम्बर 2025 तक अपीलार्थी को सभी वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराएं, अन्यथा शपथपत्र देकर बताएं कि सूचनाएं क्यों उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं।

## गणेश मेले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन सख्त

**चन्दौसी।** नगर में चल रहे गणेश मेला की शांतिपूर्ण व्यवस्था हेतु 619 पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। मेले की व्यवस्था की कमान इंस्पेक्टर सत्येन्द्र पंवार को दी गई है।

वह रोजाना मेले में भ्रमण कर ड्यूटी चौक कर रहे हैं और पुलिसकर्मियों व झूला संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही जो पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी छोड़कर एक साथ बैठे थे उन्हें स्पष्ट कहा कि जिन बिंदुओं पर पुलिस की ड्यूटी है, यदि कोई पुलिसकर्मी निर्धारित बिंदु पर नहीं मिलता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। साथ ही एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी ने मेले में भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 149-DRM-MB-25-26 Date 26.08.2025 | 150-DRM-MB-25-26 Date 26.08.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of pipeline, water booth improvement of toilets blocks and PF sheds etc. at various station in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. | Improvement of PWI Store cum office ta AMRO and BJO under ADEN/GJL. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 25.09.2025 | 25.09.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 89,97,551.85 | 54,96,523.08 |
| धरोहर राशि | 1,80,000.00 | 1,09,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 11.09.2025 | 11.09.2025 |

टेन्डर नं. Tender No. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक-01.09.2025 2654/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कैथल हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार नहीं

**चन्दौसी।** 25 अगस्त को हुई कैथल में हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त लगातार फरार चल रहा है। प्रकाश में यह भी आया है कि हत्या अभियुक्त टोली बनाकर खेतों में काम कराने का ठेका लेता था।

अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरी व मारपीट आदि से संबंधित अभियोग में थाना में दर्ज हैं। हालांकि पुलिस मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। जैसे ही उसे पता चला कि उसका नाम प्रकाश में आया है, वह फरार हो गया।

### मुरादाबाद रोड पाकबड़ा चौराहे पर गहरे गड्ढे



**कुंदरकी।** डींगरपुर में संभल मुरादाबाद रोड पाकबड़ा चौराहे पर गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन होते हैं हादसे। मंगलवार क लकड़ी से भरा ट्रैक्टर-ट्राली पलट गया जिसमें बाइक सवार दबने से बाल बाल बच गए।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'एकेडमियां इंडस्ट्री के इंटरफेस को सुदृण करने' की दृष्टि से हुआ वेबिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में ''एकेडमियां-इंडस्ट्री के इंटरफेस को सुदृण करने'' की दृष्टि से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने वेबिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस वेबिनार में आईएफटीएम विश्वविद्यालय से डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिकस एण्ड कम्यूनिकेशन पाठ्यक्रम- 2023-25 बैच के पास आउट पूर्व छात्र व वर्तमान में 'ओटिस अधिकृत एजेंसी, नई दिल्ली' में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत श्री हरिओम बतौर मुख्य वक्ता पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं से जूम लिंक के माध्यम से जुड़े। मुख्य वक्ता श्री हरिओम ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बताया कि कक्षा में सीखी गई शिक्षा ही उद्योग में काम करने की असली नींव बनती है। पुस्तक का ज्ञान जब व्यवहारिक रूप लेता है, तभी वह उद्योग के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक के अलग-अलग ट्रेड में डिप्लोमा हासिल करने के बाद बड़ी संख्या में कंपनियों में दक्ष कर्मचारियों की जरूरत बढ़ती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आपके पास हुनर है, तो फिर नौकरी की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को वेबिनार के दौरान प्राप्त की गई जानकारियों को आत्मसात् करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को इस वेबिनार के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिला है तथा आगे भी हम इस तरह के आयोजन कराते रहेंगे। वहीं आईयूएए के अध्यक्ष व परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु एलुमनस व मुख्य वक्ता श्री हरिओम की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की संयोजि. का व यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र शिक्षण संस्थानों के ब्रांड एंबेसडर की तरह होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फैकल्टी मैम्बर्स श्री आशीष नगीला, श्री नीरज कुमार, श्री अंकित अग्रवाल एवं श्री अरविंद चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में आयोजन सचिव श्री संजीव कुमार सिंह ने सभी उपस्थितों के प्रति के प्रति आभार व्यक्त किया। इस वेबिनार में यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के विभिन विभागों के 193 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## भगवान गणपति की प्रतिमा विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मंदिर शंभू नाथ में चल रहे गणेश महोत्सव का समापन सातवें दिन भगवान गणपति की विसर्जन यात्रा के साथ हुआ। विसर्जन यात्रा नरोरा में पहुंची। जहां भगवान गणपति की प्रतिमा को गंगा में विसर्जित किया गया। भारी तादात में श्रद्धालु ढोल नगाड़े बजाते हुए नगर से निकले। एक दूसरे पर रंग गुलाल भी उड़ाया। बिलारी के मंदिर शंभू नाथ में 7 दिन से भगवान श्री गणपति का गणेश महोत्सव चल रहा था। जहां भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विराजमान किया गया था। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे पर गुलाल उड़ाया बाद में नरोरा घाट पर जाकर भगवान गणपति की प्रतिमा को गंगा में विसर्जित किया।

इससे पहले पंडित विशोक कुमार शर्मा ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना कराई। उसके बाद भगवान गणेश की आरती हुई आरती के बाद श्रद्धालु विसर्जन की निकल पड़े। इस मौके पर सुमित हलवाई, सचिन गुप्ता, पूर्वी गुप्ता, विष्णु गुप्ता, शुभ सिंह, उर्वशी सिंह के अलावा भारी तादात में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।




**कार्यालय ग्राम पंचायत करनावाला खालसा**

**विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2025-26 दिनांक: 02.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत करनावाला खालसा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 10.09.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल के घर से गंगा सिंह के घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी मोटा पत्थर आदि। | 105812/- | 2116/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | वाल्मीकियों में सीसी रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी मोटा पत्थर आदि। | 148966/- | 2980/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-करनावाला खालसा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोगुना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, टू द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

● **एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गोंगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम-** टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुकाबलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़िशनल प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता**-महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार


### कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

### न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



● **पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुकाबले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बधी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

● **राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का




सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवालोव के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं।ष इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच



● **सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरोमें तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

● **2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए लिया टी-20 से संन्यास**

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था।

उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द. अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

### गॉफ को पस्त कर ओसाका क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयार्क, वार्ता।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने अमेरिकी खिलाड़ी का सफर खराब हो गया। सेंटर कोर्ट पर गॉफ को एरर व सर्विस में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि चार बार की चैंपियन ओसाका ने अपनी नियंत्रित आक्रामकता और लगातार शॉट लगाने से प्रभावित किया। ओसाका ने कहा कि मैं बस यहां आकर खेलने का मौका चाहती थी। यह दुनिया का मेरा पसंदीदा कोर्ट है, और यहां वापस आना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जापानी खिलाड़ी का सामना अब चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त मुचोवा से होगा। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा ने एलेक्ज़ेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार




**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुलबुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

# अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं: नीतीश राणा



● **राणा ने तीन प्लेऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच जिताऊ पारियां खेली हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफी के शुरूआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे।

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे। इसके बाद राणा ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने घर लौटने का फैसला किया और कहा कि 2025-26 का घरेलू सीजन वह दिल्ली की तरफ से खेलेंगे। अब राणा ने इस घर वापसी का जश्न दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 की खिताबी जीत से मनाया है, जहां वह वेस्ट दिल्ली राइडर्स टीम के कप्तान थे। उन्होंने तीन प्ले ऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच-जिताऊ पारियां (135', 45', 79') खेलीं और बताया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। इस खिताबी जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि बड़े मैच में बड़े खिलाड़ियों का चलना बहुत जरूरी होता है।

### दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु, वार्ता।** एनटीटी डेटा महिला टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश: शिवानी के 35 गेंदों पर बनाए गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई।

# आसिफ अली ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



● **पाक की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है: आसिफ अली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खलिाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है। आसिफ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। आसिफ ने कहा कि आज मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहमदुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है। मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे।

# रेस्टोरेंट में मारपीट और फायरिंग के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र दिल्ली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में मारपीट और फायरिंग के मामले में एक आरोपी को थाना मझोला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बता दे की मझोला थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड काशीराम गेट के पास में स्थित एक रेस्टोरेंट में बीते दिनों जमकर मारपीट हुई थी और रेस्टोरेंट के बाहर फायरिंग भी की गई थी। इस मामले में एक युवक घायल हो गया था, घायल पीड़ित के भाई के द्वारा थाना मझोला में शिकायत दर्ज कराई गई थी, इस मामले में थाना मझोला पुलिस ने फायरिंग करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बता दें कि बब्बू राणा पुत्र अशोक कुमार राणा निवासी मण्डी बांस महल सराय मण्डी चौक थाना मुगलपुरा,जनपद मुरादाबाद ने थाना मझोला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके छोटे भाई के साथ मारपीट कर, उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिससे वादी के भाई के बाये पैर में गोली लगने से वह



घायल हो गया।पीड़ित युवक के भाई की शिकायत पर थाना मझोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी और इस मामले में थाना मझोला पुलिस ने एक आरोपी प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्यामबाबू शर्मा निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पीछे बुद्धि विहार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को तहसील चन्दौसी परिसर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम तहसीलदार चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि किसानों की भूमि के सर्किल रेट का पुनर्मूल्यांकन किया जाए और किसानों की समस्याओं को लेकर शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही किसानों की बनियाठेर से हिंदुस्तान प्लेस पार्क तक फोरलेन सड़क शासन द्वारा प्रस्तावित है जिसका मुआवजा किसानों को दिलवाया जाए। प्रदर्शन के दौरान तय किया गया कि गांव में नाला निर्माण और आवारा गौवंशीय पशु घूम रहे हैं जिन्हें शीघ्र पकड़वाकर गौशाला में बंद कराया जाए जिससे किसानों की फसल बर्बाद होने से बचाई जा सके। साथ ही इस दौरान धर्मवीर मौर्य को ग्राम पंचायत कैथल का अध्यक्ष व प्रेमशंकर को ग्राम पंचायत उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा द्वारा बताया गया कि जल्द ही संगठन में भारी संख्या में महिलाओं को शामिल किया जायेगा। इस मौके पर सुरेश सिंह, ओमवीर सिंह, राहुल कश्यप, मोहर सिंह, प्रेमशंकर, धर्मवीर मौर्य, सीनू जैन, अमरसिंह तोमर, संजीव तोमर, पप्पू तोमर, पिंटू मौर्य, रामपाल सैनी महेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

# रेलवे फाटक का बूम न खुलने से लगा जाम, लोग रहे परेशान

**कांठ।** रेलवे फाटक का बूम न खुलने से आज फिर जाम लग गया जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। बतादे की कांठ में रेलवे फाटक पर खराबी होना या जाम लगना रोज की बात हो चुकी है।

आज दोपहर बाद जब रेलगाड़ी जाने के बाद फाटक खोला गया तो एक साइड का बूम खुल गया जिससे वाहन अंदर रेलवे लाइन पर आ गए और दूसरी साइड का बूम न खुलने के कारण वाहनों की संख्या में इजाफा होना शुरू हो गया। दोनों तरफ से वाहन खड़े हुए तो गेटमैन की पेशानी पर भी पशीना आ गया फाटक का बूम खोलने में 10 से 15 मिनट का समय लगा लेकिन तब तक दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग




गई। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि यहां पर जाम लगना तो अब रोज की बात हो चुकी है। कभी फाटक में खराबी आने के कारण तो कभी चार-चार लाइनों में वाहन खड़े होने के कारण यहां रोजाना जाम लगता ही है। ट्रैफिक पुलिस जब तैनात होती है तो उसका ध्यान जाम पर कम और वाहनों के चालान पर ज्यादा रहता है उनके आने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है क्षेत्र के लोगों ने इस परेशानी से निजाद दिलाने के लिए ओवर या अंडर ब्रिज बनवाए जाने की मांग उठाई है।

## कोषागार बिल्डिंग का होगा जीर्णोद्धार

**मुरादाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कोषागार कार्यालय को अस्थाई तौर पर तहसील सदर परिसर में स्थानांतरित करने के संबंध में जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने आद. ेश जारी कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कोषागार कार्यालय मुरादाबाद की बिल्डिंग में पुनर्निर्माण/मरम्मत से संबंधित कार्य कराए जाने हैं। पुनर्निर्माण एवं मरम्मत अवधि के दौरान कोषागार कार्यालय स्तर से संपादित होने वाले कार्यों को निर्बाध रूप से संपादित कराने के उद्देश्य से कोषागार कार्यालय को तहसील सदर मुरादाबाद के प्रथम तल पर कक्ष संख्या-15, कक्ष संख्या-17, कक्ष संख्या-18 और दो अन्य कक्षों को कोषागार के शासकीय कार्यों के लिए आवंटित कर दिया गया है। मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कोषागार बिल्डिंग का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने तक कोषागार कार्यालय तहसील सदर परिसर में संचालित होगा। तहसील सदर में कार्यालय शिफ्ट करने का कार्य करीब 20 सितंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत कोषागार कार्यालय को पुन: विभागीय बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा।

# निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में निर्यातकों के साथ बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मण्डल के सभी जनपदों के प्रमुख निर्यातकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान विदेश में निर्यात को बढ़ाने के सम्बन्ध में सुझाव एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्यातकों द्वारा अपने-अपने जनपदों से देश-विदेश में हो रहे निर्यात को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में अपने सुझाव मण्डलायुक्त मुरादाबाद के साथ साझा किए गए। जनपद मुरादाबाद के निर्यातकों ने बताया कि अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ से हस्तशिल्प इकाईयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे निर्यातकों के अत्याधिक आर्डर होल्ड पर हैं तथा नए ऑर्डर मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इससे जनपद में रोजगार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसके साथ ही निर्यातकों द्वारा इनकम टैक्स सब्सिडी, कच्चा माल खरीदने में 10 प्रतिशत सब्सिडी और फेयर सब्सिडी में बढ़ोत्तरी कराए जाने का आग्रह भी



किया गया। निर्यातकों ने बताया कि अन्य विभागों से अधिकारी फैक्ट्रियों का सर्वे करने आते हैं जिनसे इकाईयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही उनके द्वारा यह अनुरोध किया गया कि डीआईसी को सिंगल विंडो के माध्यम से एवं डीआईसी से अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही सर्वे आदि कराया जाना उचित होगा। इसके साथ ही जनपद बिजनौर के डिवीजनल चौयरमैन आईआईए द्वारा प्रदेश में विगत कई वर्षों से कार्यरत सैकड़ों गुड़ एवं खंडसारी औद्योगिक इकाईयों के हित में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति - 2023 का प्रभावी क्रियान्वयन कराकर इन इकाईयों को मण्डी शुल्क एवं विकास शुल्क की देयता से मुक्त रखने हेतु एवं उद्योग को मण्डी शुल्क के बोझ से राहत देने हेतु पैराई सत्र 2023-24 व 2024-25 की लंबित समाधान योजना को लागू कराने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही बिजनौर में लगभग 2 वर्ष से भी अधिक समय से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व पर्यटन इकाईयों की स्थापना में नीति सीमा क्षेत्र को लेकर उत्पन्न हो रहे अवरोध को दूर करने का भी आग्रह किया गया। रामपुर के निर्यातकों ने मैंथॉल पर 50 प्रतिशत टेरिफ को लेकर कहा कि इससे जनपद के रोजगार में कमी आयी है तथा जनपद का निर्यात घटा है तथा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निर्यातकों ने कहा कि फेट एण्ड लॉजिस्टक सब्सिडी को बढ़ाया जाये। मण्डलायुक्त द्वारा सभी निर्यातकों की समस्याएं और सुझावों को सुनने के बाद उसका समाधान कराने का आश्वासन दिया गया तथा मण्डलायुक्त ने निर्यातकों को अमे. रिका के साथ-साथ अन्य देशों के साथ भी निर्यात बढ़ाने तथा हस्तशिल्प के डिजाइनों में न्यू इनोवेसन पर ध्यान देने के लिए कहा। इसके साथ ही निर्यातकों द्वारा जल भराव की समस्या एवं 100 बेड ईएसआई हॉस्पिटल तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के विषय में भी मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया। बैठक का संच. ालन श्री योगेश कुमार संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा किया गया तथा मण्डल के उपायुक्त उद्योग भी बठक में मौजूद रहे। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार के सतह ही श्री रचित अग्रवाल मै. गिफ्ट इन्टरनेशनल मुरादाबाद, श्री आशीष सिंह गिफ्ट इंटरनेशनल मुरादाबाद, श्री मौहम्मद अजमल मै. मार्क इम्पैक्स मुरादाबाद, श्री राजीव बंसल मै. सेन्सस लाइफ स्टाइल्स मुरादाबाद, श्री संचित गुप्ता आईआईए चौयरमैन रामपुर, श्री अमित कपूर रामपुर, श्री अरविन्द नन्दा डायरेक्टर मै. मेन्था एण्ड एलाइड प्रोडेक्ट रामपुर, श्री अरविन्द अरोरा मै. अरोरा एरोमेटिक्स सम्भल, श्री कमल कौशल वार्ष्णेय मै. नील कंठ एन्टरप्राइजेज सम्भल, श्री आशुतोष रस्तोगी मै. एनएस मिन्ट प्रोडक्टस प्रा. लि. सम्भल, श्री विकास कुमार अग्रवाल डिविजनल चौयरमैन आईआईए बिजनौर, श्री अवनीश कुमार अग्रवाल चौप्टर चौयरमैन आईआईए बिजनौर, श्री विनय भार्गव अमरोहा, श्री पंकज विश्नाई अमरोहा आदि निर्यातक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कांठ के तीन शिक्षक दिव्य गंगा सम्मान से सम्मानित




**कांठ।** रविवार को दिव्य गंगा सेवा मिशन ट्रस्ट हरिद्वार उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी परिसर हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मुरादाबाद जनपद के कांठ से तीन शिक्षक भुवनेश कुमारी प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ, योगिता सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर,व वीरेंद्र कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर, विकास खण्ड छजलैट, को दिव्य गंगा सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्वामी आशुतोष, मनसा देवी मंदिर के प्रधान महंत पंडित महेश दुबे, एवं डॉव अरुण त्रिपाठी, कुलपति, उत्तराखंड आयुष विश्व. विद्यालय देहरादून तथा डॉक्टर प्रोफेसर शिशिर पांडे, कुलपति रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट आदि अतिथिगण उपस्थित रहे। सभी ने सम्मान पाने वाले शिक्षकों को शुभकामनाएं भी दी।

### घर-घर जाकर खोजे जाएंगे 'कुष्ठ रोगी' 14 दिवसीय चलेगा अभियान

**कांठ।** कुष्ठ रोगी अभियान को सफल बनाने को लेकर सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल ने चिकित्सा प्रभारियों को बताया कि 2027 तक कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने का संकल्प है। जिन स्थानों पर आशा कार्यकर्ता नहीं है, उन स्थानों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वयंसेवकों की टीम बनाई जाएगी।पर्यवेक्षण के लिए पांच टीमों पर एक सुपरवाइजर लगाया जायेगा, जो टीम के कार्य का पर्यवेक्षण करेगा। पर्यवेक्षक के लिए 532 सुपरवाइजर कार्य करेंगे। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. नरेंद्र कुमार के मुताबिक शहर और देहात में पोलियो अभियान की तरह 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी टीमें अभियान में लापरवाही न बरतें। इसमें जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई, फिजियोथेरेपिस्ट नितिन यादव के अलावा दानवीर सिंह, विशालदीप यादव, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे। चिकित्सा प्रभारी इस कार्यक्रम को अमली जामा पहनाने की तैयारी में लग गए हैं।

### आठ सितम्बर से शुरू होगा गुरु बंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम




कांठ। भारत विकास परिषद का गुरु बंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम 8 सितंबर से शुरू किया जाएगा उक्त जानकारी भारत विकास परिषद की आयोजित बैठक के बाद प्रेस को दी गई। बैठक का आयोजन मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर शाम 5:00 बजे किया गया जिसमें गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई इसके बाद शव वाहन खरीदने के लिए तय हुआ की मारुति वैन या इको में जो भी गाड़ी ठीक लगे उसे लिया जाएगा। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम 8 सितंबर से शुरू करने पर सहमति बन गई भारत को जानो प्रतियोगिता का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मति से पास किया गया। बैठक में अध्यक्ष महेश गुप्ता गौरव बिश्नोई मुकेश माहेश्वरी सुरेश चौहान, अशोक बिश्नोई एवं दीपक चौहान मौजूद रहे।

### पुलिस ने तीन विवादित जोड़ों का कराया निस्तारण, साथ रहने को हुए सहमत



**मुरादाबाद।** नारी उत्थान केन्द्र, मुरादाबाद पुलिस के अथक प्रयासों से तीन दंपती के आपसी मतभेदों का निस्तारण कराया गया है, परिवार परामर्श केन्द्र,नारी उत्थान केंद्र के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के तीन विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को सहमत हुये हैं। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल,के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में तथा अनुभवी परामर्श दाता रीतू नारंग के माध्यम से परिवार परामर्श केन्द्र,नारी उत्थान केन्द्र, पुलिस लाईन मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी सम्बन्धित पारिवारिक विवादों की काउन्सलिंग के दौरान तीन प्रार्थना पत्र में दोनो पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया।प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया । दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें।

# एसएम कॉलेज विवाद पर उच्च शिक्षा विभाग की जांच टीम पहुंची

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज प्रबंधक तंत्र और प्राचार्य के बीच लगातार आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी हुई है। कभी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध यह कॉलेज अब विवादों में घिरता जा रहा है। विज्ञान फैकल्टी में दूर-दूर से छात्र पढ़ने आते थे, मगर वर्तमान हालात जटिल होते जा रहे हैं। वर्तमान समय में एस.एम. कॉलेज, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद से जुड़ गया है।

सोमवार को भारी बरसात के बीच उच्च शिक्षा कार्यालय बरेली क्षेत्र से प्राचार्य एवं कॉलेज प्रबंधक तंत्र के आरोप-प्रत्यारोपों की जांच करने के लिए टीम एस.एम. कॉलेज पहुंची जहां आयोग से चयनित प्राचार्य डा. दानवीर यादव व प्रोफेसर डा. प्रवीण कुमार को भी बुलाया गया था लेकिन जैसे ही जांच टीम कॉलेज के अंदर पहुंची, उनके पीछे प्राचार्य डा. दानवीर यादव व प्रोफेसर डा0 प्रवीण कुमार की गाड़ी थी परंतु कॉलेज के कुछ प्रोफेसरों ने प्रबंधक तंत्र के आदेश पर गेट पर ही प्राचार्य व प्रोफेसर की गाड़ी को रोक दिया। इस पर डा. प्रवीण कुमार का तर्क था, जांच टीम ने उन्हें भी बुलाया है, वह पीडिघ्त पक्ष हैं और बिना उनकी उपस्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है। बता दें कि सोमवार को कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली मुरादाबाद पत्रांक डिग्री अर्थ/ 1948/2025-26 विधि कार्य विभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय के आदेश पर प्रो. डा. सुधीर कुमार (क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी), प्रो. डा. मनीषा राव (प्रोफेसर गृह विज्ञान), प्रो. डा0 संध्या सक्सैना (वीरांगना अवंती बाई लोधी राज. महाविद्यालय बरेली), राजेश मिश्र (वित्त लेखा अधिकारी, कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकार बरेली) के एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी पहुंचे जहां स्थलीय जांच कर आख्या संस्तुति सहित शिक्षा निदेशालय भेजी जायेगी।

इधर डा. प्रवीण कुमार का मानना था प्राचार्य डा0 दानवीर यादव व प्रोफेसर डा0 प्रवीण कुमार के प्रवेश पर पहले से ही रोक लगाई हुई है।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर कोतवाली में अमानत कमेटी की बैठक का आयोजन, जुलूस में आपत्तिजनक नारे न लगाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ईद मिलादुन्नबी के त्यौहार को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर वा देहात क्षेत्र के सम्मानित लोग पहुंचे सभी से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सौहार्द के साथ निकलने की अपील की गई साथ ही आपत्ति. जनक नर और नई परंपरा ना डालने की अपील भी की गई है। मंगलवार को अमन कमेटी की बैठक में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने सभी से कहा कि शासन गाइडलाइन के अनुसार ही जुलूस निक. ाला जाएगा उसमें किसी भी तरह की नई परंपरा और आपत्तिजनक नारे आदि नहीं लगाए जाएंगे। जुलूस निर्धारित मार्गो से ही निकल जाएगा साथ ही किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले पर कार्यवाही की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने कमेटियों के पदाधिकारीयों से अपील की के सभी जुलूस में शामिल लोग शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। बिलारी नगर की कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी उर्फ राजू ने कहा कि उनकी कमेटी ने जुलूस में डीजे पर पाबंदी रखी है साथ ही उनके वॉलंटियर भी जुलूस में शामिल रहेंगे जो जुलूस की व्यवस्था संभालेंगे साथ ही उन्होंने प्रशासन से कहा कि यदि कोई व्यक्ति



जुलूस में डीजे लेकर आता है तब उनके वॉलंटियर उसे खुद रोकेंगे और प्रशासन के हवाले कर देंगे। उन्होंने कहा कि बिलारी नगर अमनों अमान के लिए जाना जाता है। यहां हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने संचालन किया। बैठक में मुख्य रूप से सहसपुर प्रधान प्रतिनिधि सलीम हुसैन माजिद हुसैन अंसारी रविंद्र चौधरी के अलावा शेरपुर माफी मुड़िया भी काम अमरपुर काशी नौसेना आदि के प्रधान और के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी मीटिंग हॉल में किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कुलद. ीप सिंह जी ने कहा की सभी ब्लॉकों को अपनी टीमों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ0 नरेंद्र कुमार ने बताया की टीम में कार्य करने वाले आशा एवं पुरुष कार्यकर्ता को भी यह समझना आवश्यक है कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता। यह रोग बैक्टीरिया जनित रोग है जिसका दूसरे व्यक्ति के शरीर में फैलना इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति की शरीर की रोग से लड़ने की क्षमता किस प्रकार की है। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में इस रोग के होने की संभावना अधिक रहती है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने प्रशिक्षण को आगे बढ़ते हुए बताया की टीम द्वारा ऐसे गांव पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है जहां पर पिछले वर्षों में अधिक मरीज



पाए गए हैं। टीम द्वारा किए गए कार्य के पर्यवेक्षण के लिए पांच टीमों पर एक पर्यवेक्षक लगाया जाएगा जो अपने प्रपत्र पर प्रतिदिन टीम द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उसकी रिपोर्ट ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक को उपलब्ध कराएगा। इन पर्यवेक्षकों की उपलब्धता को पूर्ण करने के लिए अन्य विभागों जैसे शिक्षा विभाग आदि काका सहयोग भी लिया जाएगा। साथ ही टीम द्वारा 14 दिन घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करने के लिए प्रपत्रों को किस प्रकार भरा जाएगा इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई । साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता से सहयोग के लिए क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों को इस अभियान में शामिल करने की बात पर विचार किया गया।इस अवसर पर सभी ब्लॉक के एमओआईसी, बीसीपीएम, एवं कुष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ नितिन यादव द्वारा किया गया।

# टिमिट में इंट्रा संस्थागत स्टार्ट-अप प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट), मुरादाबाद के परिसर में 8 अगस्त 2025 को इंटर/इंट्रा संस्थागत स्टार्ट-अप प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और टिमिट ईडीसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने अभिनव विचारों और स्टार्ट-अप योजनाओं को प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने सामाजिक, तकनीकी और व्यावसायिक चुनौतियों के समाधान पेश कर अपनी रचनात्मकता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि "आज के समय में नवाचार और स्टार्ट-अप ही वास्तविक प्रगति का आधार हैं। हमारे छात्रों के विचार और उनकी रचनात्मक सोच देखकर मुझे अत्यंत गर्व का अनुभव हो रहा है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपने विचारों को साकार करने और उन्हें वास्तविक रूप देने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। टिमिट हमेशा अपने छात्रों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित और सहयोग करता रहेगा। भविष्य में यहाँ से निकलने वाले छात्र न केवल देश, बल्कि पूरे विश्व में अपने ज्ञान और उद्यमशीलता का परचम लहराएँगे।" यह प्रतियोगिता हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित हुई, जिससे विभिन्न स्थानों से छात्रों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सकी। अंत में टिमिट परिवार ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गणेश मेले में महक परी का प्रोग्राम रद्द

**चन्दौसी।** गणेश चतुर्थी मेले में 03 सितम्बर 2025 को प्रस्तावित महक परी का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। करणी सेना जिला संभल के जिलाध्यक्ष ठाकुर शिवम चौहान के प्रयासों से यह निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार, महक परी का कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, जिसमें अश्लीलता फैलने की संभावना को देखते हुए समाज के वरिष्ठजनों ने आपत्ति जताई। इसके बाद ठाकुर शिवम चौहान ने मेला कमेटी के सर्वेश चीनी से बातचीत की। चर्चा के दौरान सभी की राय सामने रखते हुए कार्यक्रम को तुरंत रद्द करने का फैसला हुआ। सर्वेश चीनी ने लिखित रूप से यह स्वीकार किया कि कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। करणी सेना जिला संभल ने इसे समाजहित में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि इस निर्णय से अश्ल. ीलता पर रोक लगेगी और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। इस दौरान करणी सेना जिला संभल के पदाधिकारियों के साथ-साथ लवित वार्ष्णेय एवं उनकी टीम का भी विशेष सहयोग रहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 3 सितम्बर 2025

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति



आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।



**पवन सिंह**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**तैमारा घाटी**

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में





कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व



**योगेश कुमार गोयल**

शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

**बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है**



**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं। अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंतत: उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।




नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तानों में जमा करें: पाक मंत्री

**पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

# अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी**

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों



**ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा**

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव**

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

## टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस



**ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया**

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव**

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

# नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

## एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा



**मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के**

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108